
उज्जैन
बुधवार
28
अक्टूबर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-354
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 मप्र के हाईटेक डबलडेकर से रोज गुजरेंगे 4 लाख वाहन

7 146 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली, 27 स्लॉट खाली



जया बच्चन-हेमा मालिनी की ट्रोलिंग पर भड़की ईशा देओल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एक्ट्रेस ईशा देओल ने जया बच्चन और अपनी मां हेमा मालिनी के साथ पैपराजी के व्यवहार और सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के सीनियर कलाकारों का सम्मान किया जाना चाहिए। ईशा ने कहा कि पैपराजी के व्यवहार के लिए सिर्फ तस्वीरें खींचने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। इसके पीछे काम करने वाली एजेंसियों और उन्हें निर्देश देने वाले लोगों की भी जिम्मेदारी है। ईशा ने आईएएनएस के साथ बातचीत में कहा, ₹एक बच्चा बड़ा होकर टीनएजर बनता है। अगर वह अच्छे से बर्ताव नहीं करता, तो आप किसे दोष देते हैं? माता-पिता को। कहते हैं कि उसकी परवरिश ठीक से नहीं हुई। उन्होंने आगे कहा कि पैपराजी कल्चर में भी कुछ बड़े लोग हैं, जो तस्वीरें खींचने वालों को कंट्रोल करते हैं और उन्हें निर्देश देते हैं। उनके मुताबिक, एजेंसियां ज्यादा लाइक्स और सोशल मीडिया पर ट्रैफिक पाने के लिए इस तरह के कंटेंट को बढ़ावा देती हैं।

देश

- पश्चिम एशिया के संघर्ष पर ब्रिक्स की दोटूक, इजरायल-फिलिस्तीन विवाद में दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन
- **रेल कर्मचारियों** को बड़ी सौगात, 10% इंटेक कोटे पर 15 दिन में अधिसूचना, एक माह में होंगे तबादले
- **पूर्व जस्टिस** एसके कौल की नसीहत, 'अदालत को विपक्ष की बंदूक चलाने का मंच न बनाएं, भक्त और विरोधी की सोच से बचें'
- **2027** में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तबादले के आदेश जारी
- **आगरा** में सपा-भाजपा प्रत्याशी से मारपीट, कुर्ता फाड़ा, गोरखपुर में रातभर हंगामा; भाजपा ने 4 सीटें जीतीं, लेकिन काशी हारी
- **प्रयागराज** में छात्रों का हंगामा, कुर्सियां तोड़ीं, 4 लेवल की बैरिकेडिंग तोड़कर शिक्षा निदेशालय में घुसे

विदेश

- **अमेरिकी** चुनाव आयोग की वेबसाइट पर साइबर हमला, बंद करने पड़े सिस्टम, क्या मध्यावधि चुनाव पर मंडराया खतरा?
- **इजराइल चुनाव-** नेतन्याहू गठबंधन रूझानों में आगे, लेकिन बहुमत नहीं, अरब पार्टियां किंगमेकर बन सकती हैं; एक तिहाई वोटो की गिनती पूरी
- **ब्राजील** में राष्ट्रपति चुनाव हारने वाले नेता अमेरिका भागेः बोल्सोनारो की पत्नी और दो बेटियां भी साथ, सरकार ने पासपोर्ट रद्द किया
- ट्रम्प पर स्विस मॉडल ने रेप का आरोप लगाया, कहा- वीजा दिलाने के बहाने होटल में बुलाया था

व्यापार

- **जियो** प्लेटफॉर्म्स की शेयर बाजार में लिस्टिंग आज होगी, ग्रे मार्केट के हिसाब से 1363 पर लिस्ट हो सकता है, 22% रिटर्न मिलने की उम्मीद
- **पाकिस्तान** में भारतीय सामान का इंपोर्ट 69% बढ़ा, बैन के बावजूद 3 महीने में 5,876 करोड़ का सामान खरीदा

कार्टून..



मेरी किताब आएगी तो तमाशा होगा, सोनिया ने 5 दिन में तीसरा वीडियो पोस्ट किया

नहीं चाहती थी कि राजीव प्रधानमंत्री बनें : सोनिया गांधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

सोनिया गांधी ने कहा- जब राजीव गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाया जा रहा था, तब मैं इस फैसले के खिलाफ थीं। कभी नहीं चाहती थीं कि राजीव गांधी प्रधानमंत्री बनें।

मेरी किताब आने पर कुछ तमाशा जरूर होगा। दशकों से लोग मेरी कहानी बता रहे, अब मेरी बारी है अपनी कहानी बताने की। सोनिया गांधी पर लिखी गई किताब बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव 10 नवंबर को रिलीज होगी। उन्होंने मंगलवार को पर इसका नया वीडियो पोस्ट किया। यह एक्स पर पिछले हफ्ते जुड़ने के बाद सोनिया गांधी की दूसरी पोस्ट है। वीडियो में वह किताब के पन्ने पलटते हुए अपनी कहानी खुद बताने की बात कहती हैं। सोनिया ने 5 दिन में सोशल मीडिया पर तीसरा वीडियो पोस्ट किया। 22 अक्टूबर को इंस्टाग्राम पर और 24 अक्टूबर को एक्स पर डेब्यू किया था।

सोनिया ने कहा- बहुत सी बातें मनगढ़ंत थीं- सोनिया ने कहा, बहुत सी बातें या तो मनगढ़ंत थीं या फिर उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया था। इसलिए मुझे लगा कि अब मुझे खुद अपनी कहानी लिखनी चाहिए और तथ्यों और घटनाओं को ठीक वैसे ही बताना चाहिए, जैसे वे असलियत में घटी थीं।



राजीव से रेस्टोरेंट में मिलीं सोनिया, वहीं प्यार हुआ- शनिवार को पर सोनिया ने पहले पोस्ट में लिखा- कैम्ब्रिज में राजीव गांधी से पहली मुलाकात ने दोस्ती का रास्ता खोला। सोनिया ने कहा- यहीं से प्यार की शुरूआत हुई, हमने साथ मिलकर यादों की एक दुनिया बनाई।

पहली मुलाकात में ही राजीव पसंद आ गए

सोनिया ने बताया कि राजीव गांधी से पहली बार मिलने पर उन्हें तुरंत लगा कि वह ऐसे व्यक्ति हैं, जिनके साथ वह रहना चाहेंगी। बाद में उन्हें पता चला कि राजीव भी ऐसा ही महसूस करते थे। दोनों की दोस्ती पार्टियों, घूमने और छात्रों की बैठकों में साथ समय बिताने से आगे बढ़ी। उन्होंने कहा वह बहुत सौम्य दिखने वाले व्यक्ति थे। बेशक, वह बहुत अच्छे दिखते थे। लेकिन उनका सौम्य स्वभाव साफ नजर आता था।

इंदिरा और राजीव की हत्या के बाद बदली जिंदगी- 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने। सात साल बाद, 1991 में राजीव की भी हत्या कर दी गई। सोनिया ने बताया कि अपनों को खोने के दर्द ने उन्हें सार्वजनिक जीवन और राजनीति की ओर धकेला। इससे पहले वह अपनी निजी जिंदगी को सार्वजनिक नजरों से दूर रखना चाहती थीं।

राजीव की हत्या के बाद भी राजनीति से दूर रहीं- 1991 में राजीव की हत्या के बाद भी सोनिया राजनीति से दूर रहीं। पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने। 1996 तक कांग्रेस कमजोर होने लगी और पार्टी में कई गुट बन गए। 1997 में कांग्रेस को एकजुट करने के लिए सोनिया ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली। 62 दिन बाद 1998 में वे कांग्रेस अध्यक्ष बन गईं। सोनिया 2017 तक अध्यक्ष रहीं, जो पार्टी के इतिहास में सबसे लंबा कार्यकाल है।

तूफान अर्नब आंध्रप्रदेश से टकराया

हवा की रफ्तार 135 किमीप्रतिघंटे, 50 ट्रेनें-21 फ्लाइट्स कैंसिल स्कूल-कॉलेज बंद, बिजली गुल, मप्र-यूपी में बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम

चक्रवाती तूफान अर्नब मंगलवार देर रात साढ़े तीन बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। तूफान के दौरान 125 से 135 किमीप्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। इसके असर से आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम, अनकापल्ली, काकीनाड़ा और कोनसीमा में भारी बारिश हो रही है। निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा देखते हुए हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तूफान के चलते 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा-विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 फ्लाइट्स रद्द की गई हैं। आंध्र प्रदेश और ओडिशा ने 4,000 साइक्लोन शेल्टर बनाए हैं।

ओडिशा में तेज बारिश के कारण 16 जिलों में स्कूल बंद किए गए हैं और 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। तूफान का असर आंध्र प्रदेश और ओडिशा तक सीमित नहीं रहेगा। मौसम विभाग ने तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है।



आंध्र डिजास्टर मैनेजमेंट बोला- तूफान के मूवमेंट पर नजर- आंध्र प्रदेश स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के मुताबिक 24 घंटे से तूफान अर्नब के मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। इसका आंध्र के तटीय इलाकों में क्या असर पड़ेगा, हवा की स्पीड और कितनी बारिश होगी, अधिकारी इसे मॉनिटर कर रहे हैं।

मौसम विभाग बोला- 2 घंटे में तूफान कमजोर पड़ेगा

आंध्र प्रदेश मौसम विभाग की प्रमुख के. नागरत्ना ने बताया कि तूफान अर्नब के चलते अभी 125-135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। लैंडफॉल की प्रक्रिया अभी एक से दो घंटे चलेगी। जैसे-जैसे समय गुजरेगा, हवा की स्पीड 90-120 किमी प्रति घंटे और फिर 60-70 किमी प्रति घंटे रह जाएगी। मछुआरों को आज और अगले दो दिन समुद्र में न जाने के लिए कहा गया है। रेल, हवाई और सड़क यातायात प्रभावित रहेगा। बिजली, पानी सप्लाई और संचार सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं। मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवात का उत्तरी सर्पिल हिस्सा जमीन में और अंदर तक प्रवेश कर गया है। तूफान बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य हिस्से में आंध्र प्रदेश के तट के पास स्थित है।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस, बॉलीवुड की मुंबई छोड़ने की चेतावनी

एफडब्ल्यूआईसीई प्रेसिडेंट बोले- सुरक्षा नहीं मिली तो उत्तर प्रदेश में शूटिंग करेंगे, डर में एक्टिंग नहीं होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी के बाद एफडब्ल्यूआईसीई के प्रेसिडेंट बीएन तिवारी ने सुरक्षा न मिलने पर बॉलीवुड को उत्तर प्रदेश शिफ्ट करने की चेतावनी दी है।

एफडब्ल्यूआईसीई प्रेसिडेंट बीएन तिवारी ने कहा कि इस बार टाइगर श्रॉफ पर हुई गोलीबारी केवल डराने के लिए नहीं, बल्कि जान से मारने के इरादे से की गई थी। उन्होंने बताया कि यूनियन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, पुलिस कमिश्नर और प्रोड्यूसर बॉडीज को पत्र लिखकर सुरक्षा की मांग की है।

तिवारी ने चेतावनी दी कि अगर मुंबई में भयमुक्त माहौल नहीं बना, तो फिल्म इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश जैसे सुरक्षित राज्यों में शिफ्ट हो सकती है। बीएन तिवारी ने कहा कि इससे पहले सलमान खान या रोहित शेट्टी जैसे कलाकारों को धमकियां मिलती थीं या दीवारों पर गोलियां चलाई जाती थीं। लेकिन टाइगर श्रॉफ के मामले में हमलावरों ने सीधे जान लेने की नीयत से गोलियां चलाई हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बेहद गंभीर मुद्दा है और पूरी इंडस्ट्री इस समय खौफ के माहौल में काम कर रही है। तिवारी ने कहा कि पिछले 6 महीनों के भीतर इंडस्ट्री के कई लोगों को धमकियां मिली हैं और कई मामले तो सामने भी नहीं आ पाए हैं।

1-2 या 10 शूटरों को पकड़ने से समस्या खत्म नहीं होगी

बीएन तिवारी ने सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की जड़ तक जाकर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि केवल 2, 5 या 10 शूटरों को गिरफ्तार कर लेने से अपराध खत्म नहीं होगा, जब तक कि इस पूरे सिंडिकेट और जड़ को समाप्त नहीं किया जाता। तिवारी के मुताबिक, बॉलीवुड को सॉफ्ट टारगेट समझा जाता है क्योंकि यहां करोड़ों रुपए का काम होता है। उन्होंने कहा कि जब तक कलाकारों को सुरक्षा का भरोसा नहीं मिलेगा, तब तक वे खुलकर अभिनय या डांस नहीं कर पाएंगे।

शराब की ऑनलाइन बुकिंग का एप लॉन्च

बुक करने के 48 घंटे के भीतर दुकान पर जाकर लेनी होगी बोतल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में रहने वाले शराब के शौकीन अब घर बैठे ही एक नए मोबाइल ऐप के जरिए शराब की ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। 'दिल्ली लिकर बुकिंग' नाम के इस ऐप को दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीसीआईआईडीसी) ने लॉन्च किया है। इसके जरिए पूरे शहर में लगभग 208 रिटेल स्टोर जुड़े हुए हैं। हालांकि, शराब की होम डिलीवरी नहीं की जाएगी। इसीलिए को ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद 48 घंटे के भीतर खुद दुकान पर जाकर अपनी बोतलें लेनी होंगी।

बुकिंग के बाद मिला क्यूआर कोड दुकान पर दिखाना होगा- ऑनलाइन बुकिंग ऐप शुरू करने पर अधिकारियों ने कहा कि इसका मकसद दुकानों पर लगने वाली भीड़ और इंतजार के समय को कम करना, पेमेंट काउंटर पर दबाव घटाना, और कीमतों और बिलिंग में पारदर्शिता लाना है। ऐप पर जाकर ग्राहक मौजूद ब्रांड देख सकते हैं, अपनी पसंद का स्टोर चुन सकते हैं और बोतल का साइज और मात्रा तय कर सकते हैं। ऑनलाइन बुकिंग और पेमेंट के बाद उपभोक्ताओं को एक क्यूआर कोड मिलेगा, जिसे दुकान पर स्कैन करके आसानी से शराब ली जा सकती है।

18 लीटर बीयर और अधिकतम 9 लीटर व्हिस्की की लिमिट- अधिकारियों के अनुसार इस 'दिल्ली लिकर बुकिंग' ऐप का इस्तेमाल करके शराब बुक करने के लिए व्यक्ति की उम्र कम से कम 25 साल होनी चाहिए। एक व्यक्ति 9 लीटर व्हिस्की और 18 लीटर बीयर से ज्यादा नहीं खरीद सकता। एक बार प्रोडक्ट बिकने या स्टोर से पिकअप होने के बाद उसे वापस करने का कोई प्रावधान नहीं है, हालांकि स्टोर से बोतल उठाने से पहले बुक किए गए ऑर्डर को कैंसिल किया जा सकता है।

इंदौर में 3 करोड़ की अवैध शराब जब्त

2 ट्रकों से मिलीं 3 हजार पेटियां, 7 दिन से नजर रख रही थीं टीमें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में मंगलवार रात अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डीजीजीआई और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो ट्रकों से करीब 3,000 पेटी शराब जब्त की। जब्त शराब की कीमत लगभग 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कार्रवाई बायपास स्थित पत्थर मुंडला क्षेत्र में की गई।

जानकारी के मुताबिक, संयुक्त टीम को अवैध शराब की बड़ी खेप ले जाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद दोनों ट्रकों की तलाश शुरू की गई। टीमें पिछले सात दिनों से उनकी गतिविधियों पर नजर रख रही थीं। लगातार निगरानी और पीछा करने के बाद मंगलवार रात दोनों ट्रकों को पकड़ लिया गया। तलाशी में बड़ी मात्रा में शराब मिली, जिसे जब्त कर लिया गया।



3 करोड़ की शराब जब्त, नेटवर्क की जांच शुरू

दोनों ट्रकों से बरामद शराब की कुल मात्रा करीब 3,000 पेटी है। इसकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अब जांच की जा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। साथ ही, अवैध परिवहन में शामिल लोगों और इससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भारत का एससीओ समिट में पाक मंत्री को न्योता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में 20 से 22 नवंबर तक शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की बैठक होगी। 'द हिंदू' के सूत्रों के मुताबिक, भारत ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विरासत और संस्कृति मंत्री औरंगजेब खान खिची को भी इसमें शामिल होने का न्योता दिया है।

अगर वे भारत आते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत में किसी पाकिस्तानी मंत्री की पहली यात्रा होगी। इससे पहले 2023 में पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो एससीओ के लिए गोवा आए थे। पाकिस्तान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मंच पर उसके प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा। ये बैठक देशों की पुरानी संस्कृति और आपसी भाईचारा बढ़ाने के लिए आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय और विदेश मंत्रालय मिलकर आयोजित करेंगे। पीएम मोदी इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। रूस और चीन समेत 10 देशों के नेता कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दिल्ली के पुराना किला में होगा। अधिकारियों के मुताबिक, इस जगह का चयन भारत के प्राचीन अतीत से जुड़े महत्व के कारण किया गया है।

तमिलनाडु जेल से सुबह फरार हुए 13 कैदी पकड़े गए

ड्रोन से सर्चिंग की तो एक झाड़ियों में मिला, दूसरा ऑटो से भाग रहा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

तमिलनाडु के थेनी जिले की थेक्कमपट्टी सब-जेल से फरार 17 में से 13 कैदी गिरफ्तार हो चुके हैं। एक जेल के पीछे झाड़ियों में मिला। तीन सड़क पर चलते हुए और एक को ऑटोरिक्शा में चढ़ते हुए पकड़ा गया।

आठ और को तमिलनाडु के थेनी शहर के पास एक जंगल वाले इलाके में ट्रैक किया गया, जहां ड्रोन और 300 से ज्यादा पुलिस वाले सर्च में शामिल हुए। इन सभी को उठाकर पुलिस दोबारा जेल ले गई। बाकी 4 कैदियों की तलाश जारी है। इन्हें पकड़ने के लिए 17 स्पेशल टीमें बनाई गईं। घटना के बाद ड्यूटी पर तैनात 9 जेलकर्मी-अधिकारी लापरवाही के आरोप में सस्पेंड कर दिए गए हैं। कैदियों ने एक साथी को मिर्गी का दौरा पड़ने का नाटक किया। उसकी मदद के लिए जैसे ही जेलकर्मी सेल में पहुंचे, सभी ने उन पर हमला कर दिया और फरार हो गए। तमिलनाडु में कैदियों के एक साथ फरार होने की यह 1995 के बाद बड़ी घटनाओं में से एक है। तब वेल्लोर किले के अंदर बने विशेष हिरासत केंद्र से एलटीटीई के 43 संदिग्ध सुरंग बनाकर फरार हो गए थे। उस सुरंग की लंबाई करीब 153 फीट (47 मीटर) थी।



एक पुलिसकर्मी के सिर में चोट, अस्पताल में भर्ती

पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, कैदियों ने बताया था कि एक कैदी को दौरे पड़ रहे हैं। इसके बाद जेल कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी सेल का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे सभी कैदियों ने उन पर हमला कर दिया। घटना में 3 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। थेनी जिला जेल में तैनात ग्रेड-वन पुलिसकर्मी थंगापांडी के सिर में चोट आई है।



महाकाल श्रृंगार



महाकाल ने राजा स्वरूप में दिए दर्शन, भस्म अर्पित कर बाबा का दिव्य श्रृंगार

अपनेतक

दीपावली की चमक में कहीं खो न जाए त्योहार का असली अर्थ

दीपावली आते ही घरों में सफाई, बाजारों में खरीदारी और सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की चमक बढ़ जाती है। कोई घर सजाने में जुटा है, तो कोई नए कपड़ों और महंगे उपहारों की तैयारी में। लेकिन सवाल यह है कि क्या दीपावली की खुशी अब खर्च और दिखावे से मापी जाने लगी है? कभी मिट्टी के दीपक, घर में बने पकवान और अपनों के साथ बैठकर बिताए पल ही त्योहार की असली पहचान होते थे। आज इलेक्ट्रॉनिक झालरों और ऑनलाइन शुभकामनाओं के बीच त्योहार का स्वरूप जरूर बदला है, लेकिन क्या रिश्तों में भी वही अपनापन बचा है?

दीपावली घर को रोशन करने के साथ मन के अंधेरे दूर करने का पर्व है। जरूरत से ज्यादा खरीदारी, दिखावे की प्रतिस्पर्धा और पटाखों के शोर के बीच हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि त्योहार की सार्थकता महंगे सामान में नहीं, बल्कि परिवार के साथ, जरूरतमंद की मदद और रिश्तों में मिठास बांटने में है। इस दीपावली घर में दीपक कम हों तो भी चलेगा, लेकिन किसी के जीवन में उम्मीद का एक दीप जरूर जलना चाहिए। आखिर रोशनी का असली अर्थ तभी है, जब उसका उजाला दूसरों तक भी पहुंचे।

संस्कृत महाविद्यालय में पांच दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा वेदांग कार्यशाला शुरू

उज्जैन। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत वेद, व्याकरण विभाग और भारतीय ज्ञानपरम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा वेदांग पर केंद्रित पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. शिवशंकर मिश्र थे। उन्होंने शिक्षा वेदांग के महत्व को रेखांकित करते हुए शुद्ध उच्चारण पर बल दिया और शास्त्र परंपरा के संरक्षण के लिए कार्यशाला में हो रहे पाणिनीय शिक्षा ग्रंथ के प्रतिपद पाठ व व्याख्यान की प्रशंसा की। कार्यशाला संयोजक डॉ. दुगार्शंकर अग्निहोत्री एवं आयोजन सचिव डॉ. श्रेयस श्रीधर कोरान्ने ने बताया कि कार्यशाला में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के व्याकरण विभाग अध्यक्ष डॉ. अखिलेश कुमार द्विवेदी, वेद विभाग के आचार्य डॉ. पतंजलि कुमार पाण्डेय तथा महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के आदर्श वेद विद्यालय के ऋग्वेदाचार्य डॉ. सत्यम् शुक्ला द्वारा प्रतिभागियों को पाणिनीय शिक्षा ग्रंथ का अध्यापन कराया जा रहा है। आयोजन में शिक्षा वेदांग पर ऑनलाइन माध्यम से वाराणसी, जयपुर, इंदौर और उज्जैन सहित देशभर के लब्धप्रतिष्ठित विद्वानों के व्याख्यान भी होंगे।

मत्स्येंद्रनाथ समाधि के शरदोत्सव में अमित व डॉ. अनामिका शर्मा सम्मानित

उज्जैन। शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रसिद्ध पीर मत्स्येंद्रनाथ समाधि स्थल पर शरदोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान अमित शर्मा और डॉ. अनामिका शर्मा को संगीत क्षेत्र में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। शरद उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. प्रकाश रघुवंशी, सोनू गहलोत, विजय पटेल और मनोहर गहलोत ने दोनों कलाकारों का सम्मान किया। इससे पूर्व अमित शर्मा और डॉ. अनामिका शर्मा ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ।

दिवाली की तैयारी में जुटे परिवार, परंपराओं के साथ बदल रहा त्योहार मनाने का तरीका

घर की सफाई से लेकर सजावट, पूजा और पकवानों तक की तैयारियां; आधुनिक जीवनशैली में सादगी और दिखावे के बीच उलझा दीपावली का उत्सव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही घरों से लेकर बाजारों तक रौनक दिखाई देने लगती है। कोई घर की सफाई और रंगाई-पुताई में जुटा है, तो कोई नए कपड़े, मिठाइयां, सजावटी सामान, दीपक और पूजन सामग्री खरीदने की तैयारी कर रहा है। दीपावली केवल दीप जलाने और लक्ष्मी पूजन का पर्व नहीं, बल्कि परिवार के साथ समय बिताने, रिश्तों में मिठास घोलने और घर-आंगन को नई ऊर्जा से भरने का अवसर भी है। हालांकि, बदलते समय के साथ त्योहार मनाने के तौर-तरीकों में भी बदलाव आया है। पारंपरिक तैयारियों के साथ अब ऑनलाइन खरीदारी, इलेक्ट्रॉनिक सजावट, सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं और महंगे उपहारों का चलन भी बढ़ा है।

परंपरागत रूप से दीपावली की तैयारियां घर की सफाई से शुरू होती हैं। घर के कमरों, रसोई, पूजा स्थल, अलमारियों, खिड़कियों और दरवाजों की सफाई की जाती है। पुराने और अनुपयोगी सामान को अलग किया जाता है। कई परिवार घर की रंगाई-पुताई करवाते हैं, जबकि कुछ लोग केवल सजावट में बदलाव करके ही घर को नया रूप देते हैं। आजकल कामकाजी परिवारों के पास समय कम होने के कारण सफाई के लिए पहले से योजना बनाई जाती है। कुछ लोग घरेलू सहायकों की मदद लेते हैं, तो कुछ परिवार मिलकर काम बांट लेते हैं। इस तरह त्योहार की तैयारी घर के सदस्यों को एक साथ लाने का माध्यम भी बनती है। दीपावली की वास्तविक सुंदरता इस बात में है कि घर में रोशनी के साथ रिश्तों में भी उजाला हो। परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना, बच्चों को समय देना, पुराने मतभेद दूर करना और जरूरतमंदों की सहायता करना त्योहार को सार्थक बनाता है।

घर को सजाने के लिए अपनाएं पारंपरिक और आधुनिक तरीके

दीपावली पर घर के मुख्य दरवाजे, आंगन, बालकनी और पूजा स्थल को विशेष रूप से सजाया जाता है। दरवाजे पर तोरण, गेंदे के फूल, आम के पत्ते, रंगोली और मिट्टी के दीपक पारंपरिक सजावट का हिस्सा हैं। वहीं, आजकल एलईडी लाइट, इलेक्ट्रॉनिक झालर, सजावटी मोमबत्तियों और रेडीमेड रंगोली का इस्तेमाल भी बढ़ा है। हालांकि, सजावट में केवल खर्च को महत्व देने के बजाय स्वच्छता, सुंदरता और पर्यावरण का ध्यान रखना जरूरी है। मिट्टी के दीपक, प्राकृतिक फूल और दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले सजावटी सामान से भी घर आकर्षक बनाया जा सकता है।

बाजार से खरीदारी का बदलता अंदाज

दीपावली पर नए कपड़े, मिठाइयां, सूखे मेवे, बर्तन, उपहार, पूजा सामग्री और घर की सजावट का सामान खरीदने की परंपरा है। पहले लोग त्योहार से कुछ दिन पहले स्थानीय बाजारों में खरीदारी के लिए निकलते थे। अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, डिजिटल भुगतान और घर बैठे सामान मंगाने का चलन भी बढ़ा है। युवाओं में कपड़ों, गैजेट्स और सजावटी वस्तुओं को लेकर उत्साह रहता है, जबकि परिवार के बड़े सदस्य पूजन सामग्री, मिठाई, बर्तन और परंपरागत खरीदारी को प्राथमिकता देते हैं। कई लोग धनतेरस पर नई वस्तु खरीदना शुभ मानते हैं। लेकिन बदलती जीवनशैली में एक सवाल भी महत्वपूर्ण है कि क्या त्योहार की खुशी खरीदारी के बजट से तय होगी? समझदारी इसी में है कि जरूरत और सामर्थ्य के अनुसार खरीदारी की जाए तथा दूसरों की देखा-देखी अनावश्यक खर्च से बचा जाए।

घर पर कैसे मनाएं दीपावली?

दीपावली को यादगार बनाने के लिए जरूरी नहीं कि बहुत अधिक खर्च किया जाए। कुछ छोटी-छोटी तैयारियां त्योहार की खुशी को बढ़ा सकती हैं।

- सुबहः घर की अंतिम सफाई करें, पूजा स्थल तैयार करें और परिवार के साथ दिन की योजना बनाएं।
- दोपहरः मिठाई और पकवान तैयार करें या विश्वसनीय दुकान से खरीदें। रिश्तेदारों और मित्रों को शुभकामनाएं दें।
- शामः घर के मुख्य द्वार, आंगन और बालकनी में दीपक जलाएं। रंगोली बनाएं और परिवार के साथ लक्ष्मी-गणेश पूजन करें।
- पूजा के बादः परिवार के सदस्यों, पड़ोसियों और जरूरतमंद लोगों के साथ मिठाई बांटें। बच्चों को दीपावली की परंपराओं और उनके महत्व के बारे में बताएं।
- रातः परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें और त्योहार का आनंद लें। पटाखे चलाने के बजाय दीपों और रोशनी से भी उत्सव को यादगार बनाया जा सकता है।

लक्ष्मी पूजन की तैयारी और परंपराएं

दीपावली की शाम घरों में लक्ष्मी-गणेश पूजन की तैयारी की जाती है। पूजा स्थल को साफ करके चौकी सजाई जाती है। लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमाएं या चित्र, दीपक, रोली, अक्षत, पुष्प, मिठाई, फल और अन्य आवश्यक पूजन सामग्री रखी जाती है। परिवार के सदस्य शुभ मुहूर्त के अनुसार पूजा करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। व्यापारी वर्ग में दीपावली का विशेष महत्व है। कई प्रतिष्ठानों में बहीखातों, तिजोरी और व्यापारिक उपकरणों का पूजन किया जाता है। नई शुरूआत, कारोबार में उन्नति और आर्थिक स्थिरता की कामना इस परंपरा का हिस्सा है।

आजकल लोग कैसे मना रहे हैं दीपावली?

समय के साथ दीपावली मनाने का तरीका विविध हुआ है। कुछ परिवार आज भी पारंपरिक पूजा, मिट्टी के दीपक, घर में बने पकवान और रिश्तेदारों से मिलने को प्राथमिकता देते हैं। दूसरी ओर, कई परिवारों में सजावट, थीम आधारित रोशनी, फोटो और वीडियो, सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं तथा ऑनलाइन उपहार भेजने का चलन दिखाई देता है।

कामकाजी जीवन के कारण कई लोग त्योहार के दिन ही घर पहुंच पाते हैं। ऐसे में पहले से तैयारियां करना, मिठाइयां खरीदना और डिजिटल माध्यमों से अपनों से जुड़ना सुविधाजनक हो गया है। वहीं, कुछ परिवार सामूहिक दीपोत्सव, जरूरतमंदों को भोजन और वस्त्र वितरण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों के माध्यम से भी त्योहार मनाते हैं।

हालांकि, इन बदलावों को सभी परिवारों पर लागू नहीं किया जा सकता। लोगों की आर्थिक स्थिति, पारिवारिक परंपराएं और व्यक्तिगत पसंद उनके उत्सव का स्वरूप तय करती हैं।

दिखावे से दूर, खुशियों के करीब रहे त्योहार

दीपावली पर घरों की सजावट, महंगे उपहारों और सोशल मीडिया पर आकर्षक तस्वीरें साझा करने की होड़ भी देखने को मिलती है। ऐसे में त्योहार का मूल उद्देश्य कहीं पीछे नहीं छूटना चाहिए। दीपावली का अर्थ केवल चमक-दमक और खरीदारी नहीं, बल्कि परिवार में अपनापन, समाज में सद्भाव और जीवन में सकारात्मकता लाना भी है।

पटाखों से होने वाले ध्वनि और वायु प्रदूषण को देखते हुए सीमित शोर, सुरक्षित रोशनी और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को प्राथमिकता देना जरूरी है। घर में दीपक जलाते समय आग से सुरक्षा का ध्यान रखें और बच्चों को पटाखों से होने वाले जोखिमों के प्रति जागरूक करें।



सामूहिक प्रयासों से फिर लहलहाने लगा कचनार का पेड़

पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनी पहल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन दुर्घटनाग्रस्त हुए कचनार के पेड़ को सामूहिक प्रयासों से पुनः स्थापित किया गया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि महानगर, नगर निगम उज्जैन के दरोगा विशाल यादव, वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति, पर्यावरण प्रेमी परिवार और स्थानीय रहवासियों के सहयोग से 4आर बगीचे के बाहर पेड़ को दोबारा स्थापित किया गया।

इस पहल का सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगा है। तंवर परिवार द्वारा पेड़ की नियमित देखरेख किए जाने से कचनार का पेड़ धीरे-धीरे अपने पुराने स्वरूप में लौट रहा है। पेड़ का पुनः हरा-भरा होना पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण है।



गौरव मालपानी ने बताया कि सामूहिक प्रयासों और नियमित देखभाल से दुर्घटनाग्रस्त पेड़ को नया जीवन देने का प्रयास सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पेड़ों का संरक्षण केवल पर्यावरण प्रेमियों की नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। वन है तो कल है के संदेश के साथ यह पहल लोगों को पेड़ों की रक्षा करने और हरियाली बचाने की प्रेरणा देती है।

महर्षि वाल्मिकी जयंती मनाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अवंतिका पुरी उज्जैन में भगवान महर्षि वाल्मिकि जी का प्रकटोत्सव का कार्यक्रम परम पूज्य स्वामी जी राज्यसभा सांसद जी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ, पूज्य स्वामी जी ने सुबह समाधि वाले बाबा को चादर अर्पण की, कमलेश्वर महादेव का पंचामृत अभिषेक पूजन किया और भगवान महर्षि वाल्मीकि जी का पूजन किया, अध्यक्ष अरविंद टांकले, कार्यवाहक अध्यक्ष कुंदन गिरजे वीरेंद्र गौसर, मुकेश जी सारवान के तत्वाधान में निकाली गई वाहन रैली का टावर चोक से शुभारंभ किया, उसके पश्चात पूज्य गुरुदेव जी ने क्षिप्रा तट रामघाट पर आदर्श वाल्मीकि महापंचायत के अध्यक्ष राकेश गिरजे, युवा अध्यक्ष लोकेश टोपे और वरिष्ठ समाजसेवी, गुरु चरण जी कलोसिया, कैलाश चावरे , हरिलाल टोपे, एवं वाल्मीकि समाज के सभी वरिष्ठजनों और युवा शक्ति द्वारा निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ किया, दोनों शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पर पहुंची.

टेंपल बॉन्ड' के विरोध में कटोरा लेकर सड़क पर उतरी युवा कांग्रेस

मंदिरों को 'गिरवी' रखने की योजना को बताया सनातन विरोधी साजिश; 'मोदी तेरे राज में कटोरा आ गया हाथ में' के नारों से गूंजा शहीद पार्क

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के 11 मंदिरों को गिरवी रखने की कथित योजना के विरोध में मंगलवार शाम उज्जैन जिला युवा कांग्रेस ने शहीद पार्क पर जंगी प्रदर्शन किया। 'टेंपल बॉन्ड' योजना के खिलाफ प्रदर्शनकारियों ने हाथों में कटोरा लेकर भिक्षाटन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित देवव्रत यादव के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि खुद को सनातन धर्म की पार्टी बताने वाली भारतीय जनता पार्टी मंदिरों को बेचने और उन पर ऋण लेने का कार्य कर रही है। कार्यकर्ताओं ने शहर



में लोगों से भिक्षा मांगी और घोषणा की कि यह एकत्रित राशि वे महाकाल मंदिर में दान करेंगे। युवा कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण देशवासियों के चंदे से हो सकता है, तो उज्जैन के 11 मंदिरों के लिए कर्ज लेने की क्या आवश्यकता है। विरोध प्रदर्शन के दौरान हाथों में कटोरा लिए कार्यकर्ताओं ने 'मोदी तेरे राज में, कटोरा आ गया हाथ में' के नारे भी लगाए।

प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस ने अपनी प्रमुख मांगें स्पष्ट करते हुए कहा कि महाकाल और काल भैरव सहित सभी मंदिरों में आने वाले दान व शुल्क से ही मंदिर के विकास कार्य किए जाएं। उन्होंने महाकाल मंदिर सहित सभी 11 मंदिरों की संपत्ति को गिरवी न रखने की मांग की है। इसके साथ ही, मंदिरों में प्राप्त होने वाले दान, सोना, चांदी, आभूषण, नकदी, एफडी और जमीन का हर साल ऑडिट कराकर अखबारों के माध्यम से श्वेत पत्र जारी करने की भी मांग रखी गई।

एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर बेबाक राय रखेंगे युवा, 3 नवंबर को सजेगी विकसित भारत युवा संसद

आईटीआई कॉलेज में होगा आयोजन, जिला स्तर के शीर्ष तीन विजेताओं को मिलेगा राष्ट्रीय स्तर पर मौका

उज्जैन। युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार रखने का मंच प्रदान करने के लिए माय भारत केंद्र उज्जैन द्वारा 3 नवंबर को आईटीआई कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के तहत आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' रखा गया है।

जिला युवा अधिकारी ने बताया कि इस युवा संसद में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों की आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की स्थिति में की जाएगी। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले युवाओं को निर्धारित विषय पर तीन मिनट का भाषण

प्रकृति प्रेमी ने बनाया इको फ्रेंडली घर, परिंदों व कीट-पतंगों के लिए भी स्थान

दीवारों मे कुछ दूरी पर खोखले पाइप भी फिक्स हैं जिनमे पक्षी स्थायी आवास आसानी से बना सकते हैं। मधुमक्खी व अन्य कीटों के लिए दीवार मे छोटे सूराख छोडे गए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन (पं राहुल शुक्ल)

बदलते परिवेश मे जब मनुष्य एक एक इंच जमीन को घेरकर कब्जा करने मे लगा है। कालोनियों मे घर के बाहर की जमीन को पौधारोपण व हरियाली के नाम पर घेरकर लोग जाली लगा रहे हैं ऐसे मे कुछ लोग प्राकृतिक टिकाऊ मकान बना रहे हैं जिसमे चिड़ियाओं, कीट पतंगों को आश्रय देने की भी पर्याप्त व्यवस्था हो तो ये हैरानी पैदा करता है। इंदौर जिले के ग्राम असरावदा बुजुर्ग के उन्नत किसान सरदार राजेन्द्र सिंह का नाम क्षेत्र मे किसी पहचान का मोहताज नहीं है। राजेन्द्रसिंह हमेशा से ही कृषि मे नई तकनीक को अंगीकार करते हुए नवप्रवर्तन मे रूचि लेते रहे और प्रकृति के प्रति उनका प्रेम ही उन्हे आर्गेनिक फार्मिंग की दिशा मे नित नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित करता रहा। राजेन्द्रसिंह अपने खेत पर स्वादिष्ट फल व सब्जी भी उत्पादित करते हैं जो पूरी तरह आर्गेनिक होते हैं।

राजेन्द्रसिंह ने अपने खेत के मध्य रहने का आवास ऐसा बना रहे हैं जिसे सस्टेनेबल हाउस मतलब प्राकृतिक सामग्री से निर्मित मकान कहा जा सकता है जो सस्टेनेबल अथार्त संधारणीय (टिकाऊ) श्रेणी मे आता है। तीन शयनकक्ष, एक हाल, एक दीवानखाना, एक रसोईघर व एक संग्रह कक्ष वाला ये मकान रेड ट्रेप बोंड विधि से बनाया गया है।

रेड ट्रेप बोंड विधि एक ऐसी मकान बनाने की विधि है जिसमे ईंटों को लेटाकर चिनाई न करते हुए ईंटों को खडी रखकर या किनारे से झुकाकर जोडा जाता है। इससे दीवार के अंदर एक खोखला एअर केविटी बन जाता है। इस तरह की विशेष मानक ईंट आमतौर पर पुराने जमाने में फैक्ट्रियों की चिमनी बनाने मे उपयोग होती थीं। राजेन्द्रसिंह ने 349 इंच साइज की ईंट उत्तरप्रदेश से विशेष तौर पर मंगाई और अपनी कल्पना को साकार किया। ऐसी ईंटों को उध्वार्कार रूप मे रखकर दीवार चिनाई करने से दीवार के भीतर एअर पाकेट बन जाते हैं। जब दीवार मे वायु फंस जाती है तो वह कुचालक (इंसुलेटर) का काम करती है। अतः गर्मी के मौसम मे मकान पूरा ठंडा बना रहता है और शीतकाल मे पूरा गर्म बना रहता है।





छत पर भी कांक्रीट व लोहे का प्रयोग न करते हुए ईंटों को गोलाई मे जमाकर मेहराब दिए

मकान के पास ही रसोईघर से जुडा एक खुला स्थान छोडा गया है जहां भोजन तैयार करने मे लगनेवाले पुरातन सामान जैसे सिलबट्टा, इमामदस्ता, ओखली, तंदूर, चूल्हा आदि रखने की व्यवस्था है। गर्मी के दिनों मे वृक्ष तले ठंडक मे भोजन पूर्व तैयारी यहां हो सकती है तो सर्दियों मे गुनगुनी धूप का लुत्फ उठाते हुए तैयारी की जा सकती है।

परिंदों व कीटों के रहने का बंदोबस्त

सबसे प्रेरणादायी बात इस मकान की जो है वह है मकान की बाहरी दीवारों मे निकली हुई ईंट जिनपर पक्षी बैठकर आराम कर सकें। वहीं दीवारों मे कुछ दूरी पर खोखले पाइप भी फिक्स हैं जिनमे पक्षी स्थायी आवास आसानी से बना सकते हैं। मधुमक्खी व अन्य कीटों के लिए दीवार मे छोटे सूराख छोडे गए हैं। प्रकृति के सुरम्य वातावरण के मध्य रहते हुए कृषक राजेन्द्रसिंह का कहना है कि प्रकृति प्रदत्त समस्त उपहारों के ऊपर सभी का समान अधिकार है तो हम दूसरे जीव के क्षेत्र पर क्यों अतिक्रमण करें। यदि हम प्रकृति से बहुत कुछ प्राप्त कर रहे हैं तो उसे कुछ लौटाना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। राजेन्द्रसिंह की बात मे काफी दम है और यदि इसे हर व्यक्ति समझ ले तो वो दिन दूर नहीं जब पृथ्वी पर ही स्वर्ग का नजारा देखने को मिलेगा। शायर निदा फाजली का शेर बडा ही समीचीन है ₹ सोच समझ वालों को थोडी नादानी दे मोला।₹गए हैं। छत को आर्च देकर ऐसा तैयार किया गया है कि मकान भूकंपरोधी भी है। आपदा आने पर कम से कम नुकसान ऐसे मकानों का होता है। सीमेंट का प्रयोग न करने से ऐसे मकान वातावरण की गर्मी भी अवशोषित नहीं करते हैं और ठंडक बनी रहती है।



उज्जैन
बुधवार
28
अक्टूबर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सत्यहीना वृथा पूजा सत्यहीनो वृथा जपः।
सत्यहीनं तपो व्यर्थमूषरे वपनं यथा॥

अर्थः उज्जड जमीन में बीज बोना जैसे व्यर्थ है, वैसे बिना सत्य की पूजा, जप और तप भी व्यर्थ है।

खबर एक नजर...

इंदौर में निजी बोरिंग पर रोक अवैध बोरिंग मशीनें होंगी जब्त

इंदौर। आने वाले दिनों में पेयजल संकट गहराने की आशंका के बीच जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। औसत से काफी कम बारिश और भूजल के लगातार दोहन के कारण गिरते जलस्तर को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने पूरे इंदौर जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके साथ ही जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निजी एवं अशासकीय नलकूपों की खुदाई पर तत्काल प्रभाव से आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंगलवार को जारी आदेश के मुताबिक, प्रतिबंध का उल्लंघन कर बोरिंग करने या इसकी कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अवैध रूप से बोरिंग के लिए आने वाली मशीनों को जब्त किया जा सकेगा। प्रशासन के इस फैसले को आगामी समय में पेयजल स्त्रोतों को बचाने और संभावित जलसंकट से निपटने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। वर्ष 2026 में जिले में औसत से काफी कम वर्षा हुई है। दूसरी ओर, भूजल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण पेयजल स्त्रोतों और नलकूपों का जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। ऐसे में यदि नए निजी बोरवेल की खुदाई जारी रहती है, तो आने वाले समय में पेयजल की उपलब्धता पर गंभीर असर पड़ सकता है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के शहरी और ग्रामीण अधिकारियों ने स्थिति को देखते हुए निजी नलकूप खनन पर रोक लगाने की अनुशंसा की थी। इसी आधार पर कलेक्टर ने मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम, 1986 और संशोधन अधिनियम, 2002 के तहत यह आदेश जारी किया है।

रंगवासा में दशहरे पर नहीं शरद पूर्णिमा के बाद जलाते हैं रावण

इंदौर। देशभर में दशहरे पर रावण दहन के साथ पर्व की परंपरा पूरी हो जाती है, लेकिन इंदौर के पास रंगवासा गांव में रावण दशहरा और शरद पूर्णिमा बीतने के बाद जलाया जाता है। यहां एकादशी से गरबों का आयोजन शुरू होता है। दशकों पुरानी इस परंपरा में ग्रामीण पूर्णिमा के अगले दिन रातभर उत्सव मनाते हैं। इस दौरान अलग-अलग सवारियां भी निकाली जाती हैं। इस वर्ष मंगलवार रात 9 बजे से उत्सव शुरू हुआ। बुधवार सुबह 7 बजे राम-लक्ष्मण के स्वरूप में कलाकार रावण का सिर का दहन करेंगे। इस परंपरा की खास बात यह भी है कि यहां रावण का पूरा पुतला नहीं, केवल उसकी गर्दन के आकार का स्वरूप बनाया जाता है। मां अंबिका गरबा महोत्सव समिति के राजाराम चौधरी और सुभाष चंद्र दुबे के मुताबिक, रंगवासा में यह आयोजन दशकों से होता आ रहा है। उत्सव में मुरली मनोहर मंदिर से सवारियां निकलती हैं।

30 अक्टूबर को निकलेगी लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा

इंदौर। इंदौर में 30 अक्टूबर को सुभाष नगर चौराहे से पाटनीपुरा चौराहे तक लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली जाएगी। पदयात्रा की व्यवस्थाओं और तैयारियों को लेकर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मार्ग का दौरा किया। इस दौरान व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए गए। पदयात्रा सुबह 10 बजे शुरू होगी। पाटनीपुरा चौराहे पर सभा के साथ इसका समापन होगा। पदयात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रभारी विप्लव देव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित कई बड़े नेताओं और संगठन पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है। पदयात्रा के माध्यम से एसआईआर प्रक्रिया की सत्यता के साथ ही विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे नैरेटिव से भी लोगों को अवगत कराया जाएगा। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लेकिन विपक्ष के नेता और इंडी गठबंधन के घटक दल अराजकता फैलाकर देश के लोकतंत्र को कमजोर करना चाहते हैं।

इंदौर के गुरुनानक टिंबर मार्केट में आईटी की सर्वे कार्रवाई

इंदौर। इंदौर शहर के गुरु नानक टिंबर मार्केट में इनकम टैक्सर की टीम ने प्लाई और सीमेंट कारोबार से जुड़े दो कारोबारियों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सर्वे की कार्रवाई शुरू की है। इसके अलावा जबलपुर, मंडला सहित एकअन्य शहर में भी सर्वे की कार्रवाई चल रही है। टीम ने शाम को यह कार्रवाई बंद कर दी। बुधवार सुबह से फिर से सर्वे की कार्रवाई शुरू होगी। टीम ने आज कारोबार से जुड़े दस्तावेजों, बिलिंग और माल की आपूर्ति के रिकॉर्ड और डाटा को जांच में लिया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, कारोबार में किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर बिल बनाने और माल की डिलीवरी किसी दूसरी जगह करने से जुड़े पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम कारोबारी लेनदेन से संबंधित रिकॉर्ड खंगाल रही है। जांच का उद्देश्य बिलिंग और माल की वास्तविक आपूर्ति के बीच किसी तरह की गड़बड़ी है या नहीं, इसका पता लगाना है। हालांकि, फिलहाल जांच में सामने आए तथ्यों और संभावित कर अनियमितताओं को लेकर विभाग की ओर से विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

ट्रैफिक इंटरचेंज से सिंहस्थ में तेजी से गुजरेंगे वाहन, इंदौर-उज्जैन का सफर सिर्फ 40 मिनट में

मप्र के हाईटेक डबलडेकर से रोज गुजरेंगे 4 लाख वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में बने डबलडेकर से सिंहस्थ में रोजाना लाखों वाहन गुजरेंगे। सिंहस्थ के समय इंदौर से उज्जैन और उज्जैन से इंदौर आने वाले वाहनों की संख्या करीब 4 लाख हो सकती है। ऐसे में इस ब्रिज से इंदौर से उज्जैन की दूरी सिर्फ 40 मिनट में पूरी हो जाएगी।

डबलडेकर बनने से वाहनों की आवाजाही सरपट हो गई है। जल्द ही दूसरी भुजा पर भी ट्रैफिक होगा, जिससे इंदौर से उज्जैन जाने वालों को राहत मिलेगी।

28 अक्टूबर को डबलडेकर ब्रिज की दूसरी भुजा का लोकार्पण सीएम डॉ.मोहन यादव करेंगे। जल्द ही इसकी अगली तारीख तय होगी। इंदौर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल लवकुश चौराहा सबसे आधुनिक ट्रैफिक इंटरचेंज के रूप में विकसित हो रहा है। यहां करीब 175 करोड़ रुपए की लागत से बने डबलडेकर की एक भुजा पर तो ट्रैफिक चल रहा है।

कम होगा ट्रैफिक का दबाव- देखा जाए तो एमपी का पहला ऐसा डबलडेकर





ब्रिज है, जहां रोड, ब्रिज, मेट्रो एक ही कॉरिडोर (एमआर-10) पर अलग-अलग स्तर पर संचालित हो रहे हैं। नीचे रोड पर ट्रैफिक और मेट्रो ट्रैक। सीमित जगह में दोहरी परिवहन व्यवस्था डेवलप होने से आने वाले दिनों में ट्रैफिक का दबाव भी कम होने का अनुमान है।

इतनी गाड़ियों का दबाव संभालने की तैयारी- आम दिनों में इंदौर-उज्जैन मार्ग से रोजाना 35 से 40 हजार वाहन गुजरते हैं, जबकि सावन में यह संख्या 70 से 80 हजार से अधिक हो जाती है। सिंहस्थ के दौरान वाहनों की संख्या करीब 4 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। 2016 के सिंहस्थ के आखिरी शाही स्नान पर इंदौर-सांवेर रोड से हरिफाटक तक लंबा जाम लगा था। वाहन चालक घंटों फंसे रहे थे। इस बार डबलडेकर ब्रिज से लवकुश चौराहे पर ट्रैफिक का दबाव कम करने और इंदौर-उज्जैन मार्ग पर आवाजाही सुगम बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

दो मंत्रियों ने किया था बुलेट से दौरा- 28 अक्टूबर को सीएम डॉ.मोहन यादव इस ब्रिज की दूसरी भुजा का लोकार्पण करने वाले थे। इसके चलते मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मंत्री तुलसी सिलावट ने बुलेट बाइक पर सवार होकर यहां का दौरा किया था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर उन्होंने शेयर किया था। इस वीडियों में विधायक रमेश मेंदोला भी मंत्री विजयवर्गीय के साथ बुलेट पर घूमते नजर आए थे।

मेट्रोपॉलिटन रीजन के विकास को मिलेगी गति

राज्य सरकार इंदौर-उज्जैन मेट्रोपॉलिटन रीजन विकसित कर रही है। इसका उद्देश्य दोनों शहरों को आर्थिक, औद्योगिक, आवासीय और परिवहन नेटवर्क के रूप में जोड़ना है। लवकुश डबलडेकर ब्रिज इस कनेक्टिविटी को मजबूत करने वाली अहम कड़ी बन सकता है। बेहतर सड़क नेटवर्क और मेट्रो कनेक्टिविटी से भविष्य में औद्योगिक निवेश, लॉजिस्टिक्स और क्षेत्रीय विकास को गति मिलने की उम्मीद है।

2023 में शुरू हुआ था प्रोजेक्ट

कञ्ज ने साल 2023 में इस प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू कराया था। मेट्रो कॉरिडोर के साथ समन्वय, तकनीकी जटिलताओं और स्टील बो-स्ट्रिंग स्ट्रक्चर के निर्माण के कारण काम कई चरणों में पूरा किया गया। पहली लेन 23 जुलाई को शुरू हुई वहीं दूसरी लेन भी जल्द शुरू जाएगी।

एक लाख स्वयंसेवक जुटेंगे; व्यायाम-योग और सामूहिक गीत से देंगे राष्ट्र निर्माण का संदेश

आरएसएस का शताब्दी वर्ष समापन समारोह आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के समापन के अवसर पर बुधवार को चरैवेति-एकत्रीकरण आयोजित किया जाएगा। डेली कॉलेज परिसर में शाम 4:30 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा। जिसमें एक लाख स्वयंसेवकों के शामिल होने का अनुमान है।

मालवा प्रांत के इंदौर विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में संघ के प्रमुख राष्ट्रीय पदाधिकारियों की मौजूदगी भी रहेगी। आयोजन के माध्यम से स्वयंसेवकों और समाज को राष्ट्र निर्माण के कार्य में निरंतर सक्रिय रहने का संदेश दिया जाएगा। संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्षभर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला के समापन कार्यक्रम के रूप में चरैवेति-एकत्रीकरण रखा गया है। इसमें इंदौर महानगर और महू ग्रामीण क्षेत्र के सक्रिय स्वयंसेवक शामिल होंगे। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध वर्ग की उपस्थिति भी रहेगी।

राष्ट्र प्रथम, संगठित और समरस समाज का संदेश- चरैवेति का भाव निरंतर आगे बढ़ते रहने और अपने ध्येय के प्रति सक्रिय रहने से जुड़ा है। इसी विचार के साथ आयोजन में राष्ट्रहित को



सर्वोपरि रखते हुए समाज को संगठित करने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और प्रत्येक नागरिक में अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित करने का संदेश दिया जाएगा। संघ की मंशा है कि शताब्दी वर्ष के समापन के बाद भी स्वयंसेवक नई ऊर्जा और संकल्प के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्य में जुटे रहें। इसके लिए व्यक्तिगत स्तर पर देशहित में योगदान देने और सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन पर जोर रहेगा।

व्यायाम-योग का प्रदर्शन, सामूहिक गीत भी होगा- कार्यक्रम में स्वयंसेवक शारीरिक गतिविधियों और योग का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ चरैवेति-चरैवेति सामूहिक गीत प्रस्तुत किया जाएगा। इंदौर विभाग में शताब्दी वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का विवरण भी साझा किया जाएगा। आयोजन में बौद्धिक उद्बोधन के जरिए संघ के विचार, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका पर बात रखी जाएगी। इस आयोजन की तैयारियां पिछले एक महीने से चल रही हैं। स्वयंसेवक व्यवस्थाओं और कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप देने में जुटे रहे हैं। बड़ी संख्या में सहभागिता को देखते हुए यह आयोजन इंदौर में संघ के शताब्दी वर्ष की गतिविधियों का प्रमुख पड़ाव माना जा रहा है।

2 नवंबर से संघ की अखिल भारतीय बैठक

चरैवेति-एकत्रीकरण के बाद इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक भी आयोजित होगी।

मालवा प्रांत के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव की तैयारी

संघ में संगठनात्मक विस्तार और कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रांतीय ढांचे में बदलाव पर भी चर्चा चल रही है। प्रस्तावित योजना के तहत मालवा प्रांत को इंदौर और उज्जैन संभाग में विभाजित करने की तैयारी है। नई व्यवस्था 2027 से लागू किए जाने की संभावना है। इस बदलाव का उद्देश्य संगठनात्मक कार्यों को छोटे और अधिक प्रभावी क्षेत्रों में बांटना है, ताकि स्थानीय स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन और संपर्क गतिविधियों में तेजी लाई जा सके। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत प्रांत के बजाय संभाग स्तर पर संगठनात्मक कामकाज को अधिक प्रमुखता मिल सकती है।

दिवाली से पहले मिठाइयों की जांच



ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

दीपावली से पहले मिठाई और खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने इंदौर में जांच अभियान तेज कर दिया है।

मंगलवार को टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में 9 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। मावा, मिल्क केक, पनीर, घी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थों के 18 नमूने जांच के लिए लिए। कार्रवाई के दौरान मुसाखेड़ी की एक डेयरी में खराब क्रीम के 2 टीन मौके पर नष्ट कराए गए। वहीं, छोटा बांगड़दा स्थित एक खाद्य प्रतिष्ठान पर वैध खाद्य पंजीयन प्रस्तुत नहीं किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य त्योहार के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है।

मावा से लेकर मिल्क केक तक के सैंपल- खाद्य सुरक्षा टीम ने प्रिंस नगर स्थित बालाजी दूध डेयरी एंड स्वीट्स से मावा और मिल्क केक के नमूने लिए। सिरपुर स्थित अजंता स्वीट्स एवं नमकीन से मिल्क केक का सैंपल लिया गया। मुसाखेड़ी क्षेत्र में महेश दूध डेयरी एवं मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन, मावा और पनीर की जांच के लिए नमूने जुटाए गए। वहीं, विजय प्रजापत डेयरी से मावा और मिल्क केक, श्री कृष्णा डेयरी से मावा और मावा कतली और यदुराज डेयरी से घी, पनीर और मावा कतली के नमूने लिए गए। पालीवाल स्वीट्स से भी मावा का सैंपल लिया गया।

मेडिकल टीचर्स का पेन डाउन प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में लंबित मांगों को लेकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षक आंदोलन पर उतर आए हैं। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को दोपहर 1 से 2 बजे तक पेन डाउन प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन एमवाय अस्पताल और डेंटल कॉलेज के मुख्य द्वार पर हुआ। एसोसिएशन ने लंबित वेतनमान, एरियर, पदोन्नति और अन्य सेवा संबंधी मांगों पर जल्द निर्णय लेने की मांग उठाई। यह प्रदर्शन 28 अक्टूबर को भी जारी रहेगा। एसोसिएशन के अनुसार, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के करीब 50 चिकित्सा शिक्षकों के समयमान वेतनमान से जुड़े प्रस्ताव 6 से 8 महीने से लंबित हैं। फरवरी और मई 2026 में पात्रता पूरी करने वाले शिक्षकों के प्रस्ताव तैयार करने की मांग की गई है। इसके अलावा जनवरी 2026 में देय डीएसीपी के एरियर का भुगतान, सातवें वेतनमान का बकाया, ग्रेच्युटी और आयुष्मान योजना के इंसेंटिव की लंबित राशि जारी करने की मांग भी शामिल है। चिकित्सा शिक्षकों ने विभागों में रिक्त पदों पर पदोन्नति, सुपर स्पेशलिटी के पात्र शिक्षकों के इंटरव्यू, सर्विस बुक वेरिफिकेशन और डॉक्टरों के लिए आवासीय परिसर का प्रस्ताव तैयार करने की मांग भी उठाई है।

इंदौर जिला जेल के गेट पर चेकिंग में पकड़ाया, ड्यूटी से हटाया

प्रहरी ने अंडरगारमेंट-जूतों में छिपाई चरस, बीड़ी, तंबाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की जिला जेल में कैदियों तक चोरी-छिपे नशा पहुंचाने का मामला सामने आया है। मुख्य गेट पर तलाशी के दौरान एक जेल प्रहरी के कपड़ों और जूतों से नशीले पदार्थ और तंबाकू के पैकेट बरामद किए गए। अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद प्रहरी को जेल ड्यूटी से हटा दिया है। मामले में विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात उप जेलर राकेश उपाध्याय, चंद्रिका पटेल, नानूराम सोनी और विजय आर्य की ड्यूटी थी। रात करीब 2 बजे



जेल प्रहरी देवेंद्र चौहान ड्यूटी पर पहुंचा। मुख्य गेट पर तैनात प्रहरियों ने तलाशी ली तो उसके अंडरगार्मेंट्स, अंदरूनी कपड़ों और जूतों में छिपाकर रखी गई चरस, बीड़ी और तंबाकू के पैकेट मिले।

पूरी चेकिंग और जब्ती की प्रक्रिया जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में की गई। जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई ने बीड़ी और तंबाकू मिलने की पुष्टि की है, हालांकि चरस मिलने से इनकार किया है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक, बरामद सामान में चरस भी शामिल थी।

प्रारंभिक पूछताछ में प्रहरी देवेंद्र चौहान ने कथित तौर पर बताया कि चरस की खेप द्वारकापुरी क्षेत्र के नशा कारोबारी शुभम नेपाली को देनी थी। शुभम फिलहाल जिला जेल में बंद है। इसके अलावा, अन्य बैरक में बंद कैदियों तक बीड़ी और तंबाकू पहुंचाने की योजना थी। सूत्रों के मुताबिक, इस काम के लिए देवेंद्र को बड़ी राशि मिलती।

जेल की सुरक्षा पर उठे सवाल

जिला जेल में सुरक्षा व्यवस्था में चूक का यह पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले खजराना के बिल्डर मनोज नागर पर हमला करने के आरोपी 'सोनू खरगोश' पर भी जेल के भीतर चाइनीज चाकू से हमला हुआ था। इसके बाद उसे सेंट्रल जेल शिफ्ट किया गया था। अब जेल प्रहरी के ही कथित तौर पर नशीले पदार्थ अंदर ले जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम करीब 30 एमएलडी क्षमता का नया संप तैयार कर रहा

जनवरी के पहले पानी की सप्लाई और वितरण व्यवस्था होगी बेहतर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर की जल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम करीब 30 एमएलडी क्षमता का नया संप तैयार कर रहा है। करीब 30 फीट ऊंचे इस संप से शहर के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में पानी के वितरण और सप्लाई को संतुलित करने में मदद मिलेगी।

इसके जरिए हवा बंगला, कैट रोड, रेती मंडी, प्रगति नगर, अन्नपूर्णा, स्कीम नंबर 71, चंदन नगर और सिरपुर क्षेत्र की ओवरहेड टंकियों को भरा जाएगा। निगम का लक्ष्य जनवरी के पहले सप्ताह से इसके माध्यम से पानी की सप्लाई शुरू करना है।

जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने बताया कि संप का काम तेजी से चल रहा है।



हालांकि, निर्माण स्थल पर कठोर चट्टानें होने के कारण खुदाई में ज्यादा समय लगा। यदि काम इसी गति से चलता रहा तो जनवरी के पहले सप्ताह से शहरवासियों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

कम बारिश से जलस्त्रोतों में पानी घटा, गर्मियों की सप्लाई को लेकर तैयारी- जलकार्य प्रभारी के मुताबिक इस साल कम बारिश होने से शहर के जलस्त्रोत अपनी पूरी क्षमता तक नहीं भर पाए हैं। यशवंत सागर से मुख्य रूप से एरोड्रम रोड और आसपास के क्षेत्रों की टंकियों में पानी पहुंचाया जाता है। इस सप्लाई से करीब 20 हजार से ज्यादा परिवार तक पानी पहुंचाया जाता है। वहीं, बिलावली, लिम्बोदी और सिरपुर तालाब भी इस वर्ष अपनी पूर्ण क्षमता से कम भरे हैं। बिलावली तालाब भूजल स्तर को रिचार्ज करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में तालाबों में पानी कम होने से आने वाले गर्मी के मौसम में जलापूर्ति की चुनौती बढ़ सकती है। विभाग गंभीर नदी की लाइन से भी पानी लेने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में संबंधित विभाग से बातचीत की गई है और सहमति भी मिली है। राऊ से गुजरने वाली गंभीर की लाइन के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ऊंचाई पर स्थित टंकियां भरने के लिए बंद करनी पड़ती है एबी रोड की लाइन

उन्होंने बताया कि इंदौर में पानी की सप्लाई ग्रेविटी मेन लाइन के माध्यम से होती है। शहर में बायपास, रिंग रोड, एबी रोड और महिला पॉलिटेक्निक क्षेत्र से जुड़ी चार प्रमुख लाइनें हैं। इनमें महिला पॉलिटेक्निक का क्षेत्र शहर के सबसे ऊंचाई वाले इलाकों में शामिल है। यहां की पानी की टंकी भरने के लिए एबी रोड की लाइन बंद करनी पड़ती है। इसके बाद विकसित होने वाले पानी के दबाव से टंकी भरी जाती है। नए रिजर्वायर के शुरू होने से पानी का दबाव बनाए रखने और टंकियों को तेजी से भरने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही बीआरटीएस लाइन से होने वाली पानी की सप्लाई भी लगातार जारी रखी जा सकेगी।

खबर एक नजर...

हथियारों का जखीरा:मिठाई के बॉक्स में 2 पिस्टल, तेल के डिब्बे में 700 कारतूस

मंदसौर। हथियारों की अंतरराज्यीय तस्करी का बेहद चौंकाने वाला तरीका सामने आया है। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से मिठाई के डिब्बे में 2 पिस्टल और सरसों के तेल से भरे डिब्बों में 700 जिंदा कारतूस छिपाकर मंदसौर लाए जा रहे थे। भैंसोदामंडी चौकी पुलिस ने समय रहते इस बड़ी खेप को पकड़ लिया। पुलिस ने मामले के 76 वर्षीय मास्टरमाइंड फरमान अली सहित कुल चार आरोपियों को धरदबोचा है। एसपी विनोदकुमार मीना ने बताया कि मुखबिर की पुख्ता सूचना पर भैंसोदामंडी पुलिस ने मालीपुरा तिराहे से चार संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी लेने पर बैग में रखे मिठाई के डिब्बे से 2 पिस्टल मिलीं। वहीं सरसों के तेल के दो डिब्बों के भीतर प्लास्टिक की थैलियों में सुरक्षित रखे गए 700 कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड फरमान अली (76), उसके बेटे इरफान (28), मालीपुरा (भानपुरा) निवासी रिहान (19) और जवाहर कॉलोनी (भवानीमंडी, राजस्थान) निवासी आदिल मिर्जा (22) शामिल हैं। आरोपियों से 4 एंड्रॉयड फोन जब्त किए गए हैं।

जिंदगी की जंग हारा KNG-22, चीते को शिकार के लिए मारी गई थी गोली, जांच कमेटी बनी

श्योपुर। कूनो की मादा चीता निर्वा का 19 महीने का नर शावक केएनजी 2 जिंदगी की जंग हार गया। शावक 25 अक्टूबर को श्योपुर के क्षेत्रीय वन मंडल के कंपार्टमेंट नंबर 748 में घायल मिला था। उसे जबलपुर के नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ले जाया गया। वहां सीटी स्कैन और आपात ऑपरेशन कर उसके शरीर से बंदूक के 5 छर्रे निकाले गए। इलाज के बावजूद मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। वन विभाग के उत्तम कुमार शर्मा सोमवार तक तक शिकार की बात छिपाते रहे। लेकिन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। चीता प्रोजेक्ट में सामने आई इस घटना की विस्तृत जांच के लिए वन विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने देर रात विशेष जांच दल (रळऋ) गठित किया है। एसटीएफ को जांच कर सात दिन में रिपोर्ट सौंपनी होगी।

रतलाम में 8 दिन पहले हुई चोरी का मिला सुराग

रतलाम। शहर के सराफा बाजार से लगे चौमुखीपुल क्षेत्र स्थित 'भंडारी ज्वेलर्स' पर करीब 8 दिन पूर्व हुई चोरी की सनसनीखेज वारदात का खुलासा रतलाम पुलिस आज (बुधवार) को कर सकती है। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। इनके पास से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी इंदौर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं। चोरी की घटना 20 और 21 अक्टूबर की दरमियानी रात करीब 3:50 बजे हुई थी। शातिर चोरों ने पहचान छिपाने के लिए कोरोना काल में इस्तेमाल होने वाली ढढए किट पहन रखी थी और चेहरों को कपड़े से ढक रखा था। दुकान संचालक रजत भंडारी 20 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर गए थे। बुधवार सुबह पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें फोन कर दुकान के ताले टूटे होने की सूचना दी। जब रजत दुकान पहुंचे, तो दुकान के अंदर सामान बिखरा हुआ था। चोर दुकान से लगभग 2 लाख रुपये से अधिक कीमत की आर्टिफिशियल ज्वेलरी व्हाइट मेटल की पायल, कंदोरे और कड़ियां चुरा ले गए थे। साथ ही गल्ले में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद चुरा ले गए थे।

बिजली तार चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

सिवनी। सिवनी कोतवाली पुलिस ने बिजली तार चोरी के मामले में मंगलवार रात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तार चोरी करने वाला मोहम्मद शमीम खान और चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ दुकान संचालक राजेन्द्र साहू शामिल है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से करीब 40 हजार रुपए कीमत का दो क्विंटल बिजली तार और वारदात में इस्तेमाल ऑटो जब्त किया है। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि एमपीईबी कॉलोनी, डालडा फैक्ट्री निवासी प्रमोद सराठे (38) ने 25 अक्टूबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर की रात फरेदा रोड पर 11 केवी एजी विद्युत लाइन के दो खंभों के बीच से दो स्पान का तार चोरी हो गया था। चोरी गए तार की कीमत करीब 40 हजार रुपए थी। पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 930/2026 दर्ज कर मध्यप्रदेश विद्युत अधिनियम की धारा 136 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 305(ई) के तहत जांच शुरू की।

जेयू में प्रैक्टिकल को तरस रहे छात्र


ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की तैनाती का ऐसा कारनामा सामने आया है, जिसमें छात्रों के प्रैक्टिकल के लिए बनीं लैब खाली हैं। लैब टेक्नीशियन दफ्तरों में बाबू का काम कर रहे हैं। स्टोरकीपर को कुलगुरु का सचिव बना दिया गया है, जबकि चौकीदारों को परीक्षा, लेखा, प्रशासन और गोपनीय शाखाओं में तैनात कर दिया गया। इसका असर लगभग 1500 छात्रों की प्रैक्टिकल और पढ़ाई पर पड़ रहा है।

5 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी; भोपाल, जबलपुर-रीवा में बूंदाबांदी

चक्रवात 'अर्नब' का मप्र में असर, 31 जिलों में अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवात 'अर्नब' का मध्य प्रदेश में भी असर दिखेगा। क्टऊ (मौसम केंद्र) भोपाल ने अगले 4 दिन तक प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं आंधी, गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को 31 जिलों में असर दिखेगा। अगले 24 घंटे के दौरान सीधी, सिंगरौली, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, नर्मदापुरम, भिंड, दतिया, रायसेन, सीहोर, विदिशा, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, पांढुर्णा, रीवा, सतना, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी का दौर रहने का अनुमान है। प्रदेश के 24 जिलों में बारिश या गरज-चमक की चेतावनी नहीं है। इनमें इंदौर, धार, आलीराजपुर, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन,



झाबुआ, उज्जैन, नीमच, आगर-मालवा, मंदसौर, शाजापुर, देवास, रतलाम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुर और राजगढ़ जिले शामिल हैं। मौसम विभाग ने 29 अक्टूबर को चक्रवात का असर ज्यादा रहने का अलर्ट जारी किया है। इस दिन पूरे प्रदेश में आंधी, बादल, गरज-चमक और बारिश वाला मौसम बना रहेगा। इसी दिन करवा चौथ भी है।

ऐसे में चांद के दीदार मुश्किल हो सकते हैं। 29 अक्टूबर के दिन 11 जिलों में अति भारी, 9 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। बाकी, 35 जिलों में बूंदाबांदी का दौर रह सकता है। 30 और 31 अक्टूबर को भी मौसम का मिजाज बदला हुआ रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में चक्रवात अर्नब तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिसका असर मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से-जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग में सबसे ज्यादा रहेगा। यह चक्रवात 29-30 अक्टूबर को ज्यादा असर दिखाएगा। इस दिन प्रदेश के पूर्वी हिस्से में ही अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है।

धान पर संकट, गेहूं की बुआई प्रभावित होगी

चक्रवात का असर पूर्वी हिस्से में दिखेगा। इस वजह से खेतों में खड़ी धान की फसल प्रभावित होगी। जबलपुर संभाग के बालाघाट, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में धान की फसल ली जाती है। रीवा संभाग में गेहूं की बुआई में किसान लगे हैं। यह भी प्रभावित हो सकती है। प्रदेश के जबलपुर, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में खरीफ की प्रमुख फसलें धान, सोयाबीन, मक्का, उड़द, अरहर, तिल और कुछ क्षेत्रों में मोटे अनाज हैं। बता दें कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान पूर्वी हिस्से में ही सबसे ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई थी। चक्रवात का असर भी यहीं पर दिखाई देगा।

भूत-प्रेत का भय दिखाकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर के मोतीनगर थाना क्षेत्र में बाबा के भेष में घर पहुंचकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महिला को उसके पति पर भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर डराया और कथित उपाय के बहाने घर से सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गए चांदी के गहने और नकदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, ग्राम अमेट निवासी मनीषा पटेल ने 25 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। महिला ने बताया कि दो व्यक्ति बाबा के भेष में उसके घर आए और आटा मांगने लगे।

बातचीत के दौरान दोनों ने उसके पति पर भूत-प्रेत का साया होने की बात कहकर उसे डराया। इसके बाद कथित उपाय के नाम पर महिला को बहलाकर नहाने के लिए भेज दिया। इसी दौरान दोनों आरोपी घर से चांदी की दो जोड़ी बिछिया, आधार कार्ड और घर के खर्च के लिए रखी नकदी लेकर फरार हो गए। शिकायत के बाद मोतीनगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित की। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उनकी पहचान चौबे पिता सलीम गुसाईं (31) और सोचेंद्र पिता संजीवन (26), निवासी इंद्रानगर, उरई, जिला जालौन (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात स्वीकार की। उनके कब्जे से चोरी गए चांदी के गहने और नकदी बरामद की गई। पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवा रखे थे।

युवक दौड़ता हुआ आया और कुएं में लगा दी छलांग

10 फीट तक दलदल-कचरे से रेस्क्यू में परेशानी; एनडीआरएफ की टीम कर रही सर्चिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मनावर

धार के मनावर में मंगलवार रात 10:30 बजे एक युवक कुएं में कूद गया। युवक की पहचान ग्राम मोनकाटिया निवासी पिंटू (30), पिता रमेश के रूप में हुई है। वह कृषि उपज मंडी में मजदूरी करता था। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धार रोड स्थित पुष्प कॉलोनी गेट के पास युवक दौड़ते हुए कुएं की ओर आया और उसमें छलांग लगा दी। कुआं करीब 20 फीट गहरा बताया जा रहा है। इसमें लगभग 10 फीट तक दलदल हो सकता है। इसलिए शव बुधवार सुबह तक नहीं निकाला जा सका है।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में रहवासी और युवक के परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। कुएं की गहराई और दलदल के कारण युवक को बाहर निकालने में परेशानी आई। रात करीब 1 बजे तक रेस्क्यू जारी था। आज एनडीआरएफ की टीम रेस्क्यू अभियान चलाएगी। जानकारी के मुताबिक पिंटू मंगलवार रात ग्राम बालीपुर में अपनी बहन के घर गया था। वहां से वह दराता लेकर निकल गया। बहन ने इसकी सूचना छोटे भाई सुनील को दी।

युवक के छलांग लगाने की वजह पता नहीं

पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक ने किन हालात में कुएं में छलांग लगाई, इसका पता लगाया जा रहा है। घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी सामने आना बाकी है।



दो महीने से घरों में आ रहा गंदा पानी

नरसिंहपुर। नरसिंहपुर शहर के शंकर वार्ड में पिछले दो महीने से घरों में नलों के जरिए गंदा पानी आने की शिकायत सामने आ रही है। रहवासी इसकी वजह सीवर लाइन निर्माण के दौरान बार-बार पाइपलाइन फूटने और काम में लापरवाही को बता रहे हैं। पानी का रंग बदलने से लोगों को उसकी शुद्धता की चिंता सता रही है। नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

एआई से सीखा नकली शराब बनाने का तरीका, इंदौर से मंगवाया केमिकल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

देवास के चंदाना में जहरीली शराब से मौत मामले में नया खुलासा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपी अजय राठौर ने घर पर ही नकली शराब बनाई थी। इसके बाद उसने नकली शराब को लाइसेंसी दुकानों से मिलने वाली शराब की पेटियों में मिलाकर सप्लाई किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 27-28 सितंबर से अक की मदद से शराब बनाने का तरीका खोजना शुरू किया था। इसके बाद उसने इंदौर के दवा बाजार से केमिकल मंगवाया। यह केमिकल 1-2 अक्टूबर को उसके पुआड़ा दाई स्थित घर पर पहुंचा था।

पुलिस अब केमिकल सप्लाई करने से लेकर नकली शराब बनाने और उसे गांवों तक पहुंचाने वाले पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अजय राठौर ने कबाड़ियों से मिली पुरानी बोतलों में केमिकल और पानी मिलाकर नकली शराब तैयार की थी। इसके लिए बोतलों के ढक्कन भी मंगवाए गए थे।

जांच में सामने आया है कि 2 से 6-7 अक्टूबर के बीच घर में नकली शराब बनाई गई। इस काम में लोहार पिपलिया के गोविंद और गधेशिया पिपलिया के रामेश्वर की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस की शुरूआती पूछताछ में पता चला है कि 7 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के बीच नकली शराब बेची गई थी। पुलिस अब चंदाना के विनोद जायसवाल तक शराब पहुंचाने में लाइसेंसी दुकानों से जुड़े लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

लाइसेंसी शराब की पेटियों में मिलावट

पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में जितेंद्र मालवीय और राहुल गिरी गोस्वामी के नाम सामने आए हैं। आरोप है कि लाइसेंसी दुकान से शराब विनोद तक पहुंचती थी, जिसे वह अपने घर से बेचता था। इसके अलावा, अजय, रामेश्वर और गोविंद से भी सस्ते दाम पर शराब मंगाई जाती थी। पुलिस के मुताबिक, नकली शराब की बोतलों को लाइसेंसी शराब की पेटियों में मिलाकर गांवों और मोहल्लों में बेचा जाता था।

सिंधिया समर्थक ने संघ के पदाधिकारियों पर लगाए आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गुना

गुना की रघुवंशी कॉलोनी में रहने वाले एडवोकेट महेश रघुवंशी ने अपनी पैतृक संपत्ति पर कब्जे की कोशिश और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक पत्र जारी कर शिक्षक मनोज भदौरिया पर संपत्ति पर कब्जा कराने और 15 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाया। रघुवंशी का दावा है कि मामले में शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई और दबाव में उनके खिलाफ ही ऋक्षक दर्ज करा दी गई। महेश रघुवंशी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक और पूर्व पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया के करीबी बताए जाते हैं। अपने पत्र में महेश रघुवंशी ने आरोप लगाया कि गुना जिले में कुछ लोग शासकीय सेवा की आड़ में भू-माफिया की तरह काम कर रहे हैं और करोड़ों रुपए की संपत्ति पर अवैध कब्जे किए जा रहे हैं। उन्होंने बरखेड़ा गिर्द में पदस्थ जनशिक्षक मनोज भदौरिया पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला को झोली में उठाया, 4 किलोमीटर दौड़े: गर्भवती को लेकर घुटने तक पानी में चले; 12 साल पहले सर्वे लेकिन अब तक नहीं बना पुल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ डिंडौरी

प्रसव पीड़ा से तड़पती महिलाङ्क 4 किमी दूर एंबुलेंस और बीच में नदी। पत्नी को दर्द से कराहते देख पति और परिजन बेचैन थे। गांव तक सड़क नहीं थी और नदी पार किए बिना एंबुलेंस तक पहुंचना मुमकिन नहीं था।

आखिरकार परिजनों ने कपड़े की झोली बनाई। उसमें गर्भवती यशोदा मरकाम को बैठाया और झोली के दोनों सिरों में लकड़ी फंसाकर दो लोगों ने उसे कंधों पर उठा लिया। इसी तरह यशोदा को सिलगी नदी पार कराई। नदी पार करने के बाद भी मुश्किल खत्म नहीं हुई। एंबुलेंस तक पहुंचने के लिए साढ़े 3 किमी पैदल चलना पड़ा।

शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यशोदा का सुरक्षित प्रसव हुआ। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और घर लौट चुके हैं। लेकिन डिंडोरी के कलगी टोला में सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को आज भी बुनियादी जरूरतों के लिए ऐसी मुश्किलों से गुजरना पड़ता है। यहां करीब 300 लोग रहते हैं। कलगी टोला निवासी राजेश मरकाम ने बताया कि 18 अक्टूबर को उनकी पत्नी यशोदा मरकाम को प्रसव पीड़ा हुई। आशा कार्यकर्ता ने एंबुलेंस को फोन किया, लेकिन गांव तक सड़क नहीं होने के कारण वह करीब 4 किमी दूर भीटी टोला में खड़ी थी। परिजनों ने कपड़े की झोली बनाई और उसके दोनों सिरों में लकड़ी फंसाकर यशोदा को कंधों पर उठाया। इस तरह करीब 100 मीटर सिलगी नदी पार कराई। नदी पार करने के बाद परिजन यशोदा को लेकर साढ़े 3 किमी पैदल चले और एंबुलेंस तक पहुंचे। इसके बाद उन्हें शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां सुरक्षित प्रसव हुआ। राजेश के मुताबिक, यशोदा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और घर लौट चुके हैं। गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्ते से आना-जाना पड़ता है।



300 की आबादी, गांव तक नहीं पहुंचते वाहन

डिंडोरी जिला मुख्यालय से करीब 50 किमी दूर पाकर बघरा ग्राम पंचायत के पोषक गांव कलगी टोला में लगभग 300 लोग रहते हैं। गांव तक पक्की सड़क नहीं है। ग्रामीणों को मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए सिलगी नदी पार करनी पड़ती है। सामान्य दिनों में भी आवागमन आसान नहीं है, जबकि बारिश में नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांव से बाहर निकलना और मुश्किल हो जाता है।

सड़क के अभाव में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना ही नहीं, रोजमर्रा के जरूरी कामों के लिए बाहर जाना भी चुनौती है। गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाते, इसलिए ग्रामीणों को नदी और कच्चे रास्ते की स्थिति देखकर आवागमन करना पड़ता है। यशोदा को झोली में बैठाकर नदी पार कराने की घटना इसी परेशानी की तस्वीर है।

भक्त के सवाल पर कहा-एक दिन पूजा, 364 दिन पत्नी को ताने नहीं देने चाहिए, करेरा में श्रीराम कथा कर रहे पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

पंडित शास्त्री बोले-करवा चौथ का नाम खसम पूजन दिवस रखा

करवा चौथ और पति-पत्नी के रिश्ते पर बाबा बागेश्वर की इस टिप्पणी को लेकर चर्चा हो रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खजुराहो

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के करेरा नगर में बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सात दिवसीय श्रीराम कथा चल रही है। 24 से 30 अक्टूबर तक आयोजित कथा में सोमवार को ह्यसीधी बातङ्घ सेशन के दौरान करवा चौथ को लेकर सवाल पूछा गया। इस पर बाबा का मजाकिया अंदाज में कहा- करवा चौथ का नया नाम हमने खसम पूजन दिवस रख दिया।

कथा के दौरान एक भक्त ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से पूछा कि उसकी नई-नई शादी हुई है। क्या इस बार उसकी पत्नी करवा चौथ का व्रत रख सकती है? सवाल सुनकर बाबा ने ठहाके लगाए और मजाकिया अंदाज में करवा चौथ को नया नाम दे दिया।

इस पर ठहाके लगाते हुए पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने मजाकिया अंदाज में कहा कि हमने तो करवा चौथ का नया नाम खसम पूजन दिवस' रख लिया है। उन्होंने आगे कहा कि व्रत रखना चाहिए, पाश्चात्य संस्कृति के इस दौर में शास्त्रों में भले ही इसका बहुत कड़ा विधान न मिलता हो, लेकिन एक संकल्प जरूर लेना चाहिए।



बाबा ने चुटकी लेते हुए आगे कहा कि सिर्फ एक दिन व्रत रखकर बाकी के 364 दिन पतियों को यह ताने नहीं मारने चाहिए कि ₹कहां से मिल गए, कौन से मुहूर्त में शादी हुई थी, इससे अच्छा तो हम ऐसे ही मर जातेङ्घ। उन्होंने संदेश दिया कि जिस शिद्दत और साधना के साथ पति की दीर्घायु के लिए करवा चौथ के दिन प्रार्थना की जाती है, वैसी ही भावना बाकी के पूरे साल भी बनी रहनी चाहिए, तभी करवा चौथ का व्रत सार्थक और सफल है।

करवा चौथ और पति-पत्नी के रिश्ते पर बाबा बागेश्वर की इस टिप्पणी को लेकर चर्चा हो रही है। उनके मजाकिया अंदाज में दिए गए बयान के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

सतना में श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीरामलला का प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री इमरती देवी भी कथा श्रवण करने पहुंचीं।

उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान बागेश्वर सरकार से आशीर्वाद लिया। कथा के दौरान बागेश्वर सरकार ने भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव के बधाई गीत गाए, जिन पर पूर्व मंत्री इमरती देवी भी श्रद्धालुओं के साथ झूमती नजर आईं।

बड़े भाई की हत्या के आरोप में छोटा भाई गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर

सागर के बीना थाना क्षेत्र में बड़े भाई की हत्या के मामले में पुलिस ने उसके छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पंकज अहिरवार ने ही शुरूआत में थाने पहुंचकर ऋक्षक दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि उसे भाई की चोटों के बारे में जानकारी नहीं है। जांच के दौरान संदेह होने पर पूछताछ की गई तो उसने घरेलू विवाद में मारपीट करने की बात स्वीकार की।

पुलिस के मुताबिक, आंचवल वार्ड निवासी पंकज अहिरवार ने 24 अक्टूबर को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसका बड़ा भाई नीरज अहिरवार (42) 23 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे अंडे का ठेला बंद कर घर आया था। रात करीब 12 बजे पंकज घर पहुंचा तो मां ने बताया कि नीरज 10 मिनट में लौटने की बात कहकर बाहर गया है। रात करीब 2:30 बजे मां ने नीरज के घर नहीं लौटने की जानकारी दी। तलाश करने पर वह श्री हरि मेडिकल के नीचे सड़क पर बैठा मिला। उसके शरीर पर कई जगह चोटें थीं और खून निकल रहा था। पंकज के अनुसार, नीरज ने उसे घर ले चलने और खाना खाने की बात कही, लेकिन चोट लगने का कारण स्पष्ट नहीं बताया।

सारा अली खान-3 दिन से केदारनाथ में कर रहीं आरती

दोस्तों के साथ बनाई रील; लोगों के साथ पी चाय, बोलीं- बाबा का धाम मेरा घर



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान 3 दिन के बाद उत्तराखंड से मुंबई लौट गई हैं। मंगलवार को तीसरे दिन भी केदारनाथ धाम में दिखाई दीं। वह रविवार को हेलिकॉप्टर से धाम पहुंची थीं। यहां वह सादे कपड़ों और टोपी में नजर आईं। जिससे कई लोग उन्हें पहचान नहीं पाए। जो लोग सारा को पहचान पाए वे उन्होंने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। सारा रविवार से सुबह और शाम की आरती में शामिल हो रही थीं। इसके बाद दोस्तों के साथ आसपास घूमने निकल जाती थीं।

सारा ने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी जिंदगी के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने केदारघाटी में 6 से 7 नए दोस्त भी बनाए। उनसे आसपास ट्रैकिंग की जगहों के बारे में जानकारी ली। सारा के धाम पहुंचने के बाद यहां बर्फबारी भी हुई थी। ठंड के कारण वह गर्म कपड़ों में नजर आईं। सारा देर शाम हेलिकॉप्टर से देहरादून पहुंचीं और यहां से मुंबई के लिए रवाना हो गईं।

केदारनाथ में कई महीनों से रुके अंकित बाजपेई को सारा ने बताया कि केदारनाथ मेरा घर जैसा है। 2017 से मैं हर साल कोशिश करती हूं कि धाम में आकर बाबा के दर्शन कर सकूं। उन्होंने अंकित बाजपेई के साथ कई रील भी बनाईं। सारा ने अपने फोन से केदारनाथ धाम की फोटो भी खींची हैं, जिन्हें वे बाद में शेयर करेंगी। रात के समय में सारा ने लोगों के साथ मिलकर चाय भी पी।

एक्ट्रेस तृतीय केदार श्री तुंगनाथ मंदिर भी जा सकती हैं। पिछले साल भी 22 अक्टूबर को सारा ने केदारनाथ और तुंगनाथ धाम के दर्शन किए थे और फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की थीं।

एक्टर इमरान 2 नवंबर तक देश में रह सकेंगे

केंद्र के नोटिस पर हाईकोर्ट की रोक; रक्कपर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए थे



अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट से 2 नवंबर दोपहर 3 बजे तक के लिए अंतरिम राहत मिल गई है। इमरान 10 अक्टूबर को रक्क़ के विरोध में मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन में पहुंचे थे। एक्टर आमिर खान के भांजे इमरान अमेरिकी नागरिक और डउककार्ड धारक हैं, इसलिए वह भारत में किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले सकते। इस पर FRRO ने उन्हें नोटिस जारी करके 28 अक्टूबर तक देश छोड़कर जाने को कहा था।

इमरान खान ने इस नोटिस को मनमाना बताते हुए इसके खिलाफ याचिका दायर की थी। इस पर चीफ जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट में केंद्र सरकार ने कहा कि अगली सुनवाई तक अभिनेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। लीगल पोर्टल बार एंड बेंच के मुताबिक, सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा।

इमरान के वकील वेंकटेश धोंड ने मामले की गंभीरता बताते हुए कहा कि नोटिस के अनुसार उनके मुवक्किल को मंगलवार तक देश छोड़ना था। इस पर अरक्क़ ने मौखिक आश्वासन दिया कि अगली सुनवाई तक कोई कार्रवाई नहीं होगी। इसके बाद पीठ ने नोटिस के अमल को 2 नवंबर तक स्थगित रखते हुए अगली सुनवाई की तारीख तय कर दी।

सीजेपी विरोध प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिए गए थे

यह पूरा मामला 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान पर हुए विरोध प्रदर्शन से जुड़ा है। रक्कके विरोध में प्रदर्शन चल रहा था, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की जा रही थी। प्रदर्शन स्थल पर मौजूद रहने के कारण मुंबई पुलिस ने आमिर खान के भांजे इमरान खान, उनकी पार्टनर लेखा वाशिंगटन और चचेरी बहन जैन मैरी खान को हिरासत में ले लिया था।



14 अक्टूबर को मिला देश छोड़ने का नोटिस

हिरासत में लिए जाने के चार दिन बाद, 14 अक्टूबर को फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस ने इमरान खान को लीव इंडिया नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का आदेश दिया गया था। इसके खिलाफ इमरान ने अपने वकीलों जुलफिकार मेमन, परवेज मेमन और कुणाल वजानी के जरिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

याचिका में तर्क दिया गया है कि कोई भी आदेश जारी करने से पहले उन्हें अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया और न ही कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस की प्रक्रिया का पालन किया गया।

जया बच्चन-हेमा मालिनी की ट्रोलिंग पर भड़की ईशा देओल



बोलीं- इंडस्ट्री की स्तंभ हैं ये कलाकार, इनका सम्मान करना चाहिए

एक्ट्रेस ईशा देओल ने जया बच्चन और अपनी मां हेमा मालिनी के साथ पैपराजी के व्यवहार और सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के सीनियर कलाकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।

ईशा ने कहा कि पैपराजी के व्यवहार के लिए सिर्फ तस्वीरें खींचने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। इसके पीछे काम करने वाली एजेंसियों और उन्हें निर्देश देने वाले लोगों की भी जिम्मेदारी है।

'तस्वीरें खींचने वाले लड़के की व्यक्तिगत गलती नहीं'

ईशा ने कअठर के साथ बातचीत में कहा, ₹एक बच्चा बड़ा होकर टीनएजर बनता है। अगर वह अच्छे से बर्ताव नहीं करता, तो आप किसे दोष देते हैं? माता-पिता को। कहते हैं कि उसकी परवरिश ठीक से नहीं हुई। उन्होंने आगे कहा कि पैपराजी कल्चर में भी कुछ बड़े लोग हैं, जो तस्वीरें खींचने वालों को कंट्रोल करते हैं और उन्हें निर्देश देते हैं। उनके मुताबिक, एजेंसियां ज्यादा लाइक्स और सोशल मीडिया पर ट्रैफिक पाने के लिए इस तरह के कंटेंट को बढ़ावा देती हैं। ईशा ने कहा कि इस समस्या की असली वजह को समझने और सुधारने की जरूरत है।

ईशा ने कहा कि एक परिवार के तौर पर हम इन सब चीजों से गुजर चुके हैं। अगर आप मुझसे सच पूछें, तो मुझे यह बिल्कुल भी सम्मानजनक नहीं लगता। बिना किसी का नाम लिए कहूं, तो ये सभी लोग हमारी इंडस्ट्री के स्तंभ हैं। आपको उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने ही आपको सिनेमा दिया है। इसलिए उन्हें वह सम्मान दीजिए, जिसके वे हकदार हैं।

ईशा ने यह भी कहा कि कुछ कलाकार पैपराजी के साथ हंसी-मजाक करना पसंद करते हैं, लेकिन हर किसी के साथ ऐसा व्यवहार करना सही नहीं है। उन्होंने लोगों से अपनी सीमाएं समझने और दूसरों की सहजता का सम्मान करने की अपील की। जया बच्चन सार्वजनिक जगहों पर पैपराजी के व्यवहार और अपनी प्राइवेसी को लेकर कई बार नाराजगी जता चुकी हैं। एक फैशन शो में उन्होंने पैपराजी को चुपचाप तस्वीरें लेने की हिदायत दी थी। जया बच्चन ने पैपराजी से कहा था कि बदतमीजी मत करो, चुप रहो, फोटो लो, खत्म।

सिंगर नील यंग ने ट्रम्प की टीम पर किया केस

बिना अनुमति गाना बजाने पर मांगे 95 करोड़; 2020 में भी किया था मुकदमा

अमेरिकी-कनाडाई सिंगर नील यंग ने सोमवार को डोनाल्ड ट्रम्प की पॉलिटिकल एक्शन कमेटी ट्रम्प 47 कमेटी इंक. पर 10 मिलियन डॉलर यानी भारतीय रुपए में लगभग 95.10 करोड़ रुपए का मुकदमा किया है। अमेरिका के वर्जीनिया राज्य में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि 12 अक्टूबर को ओहायो के यंगस्टाउन में कमेटी ने मिडटर्म चुनावी रैली में ट्रम्प के मंच पर आने के समय उनका गाना ह्यरॉकिन इन द फ्री वर्ल्डह्न बजाया।

यंग का कहना है कि इस गाने का इस्तेमाल करने के लिए लाइसेंस जरूरी था। उन्होंने कमेटी को ऐसा लाइसेंस नहीं दिया और न ही देने की इच्छा जताई। यह यंग की ट्रम्प के खिलाफ इसी गाने के बिना इजाजत इस्तेमाल को लेकर दूसरी कानूनी चुनौती है। यंग ने इससे पहले 2020 में ट्रम्प पर केस किया था, जिसे बाद में सेटलमेंट से सुलझा लिया गया था।

नए मुकदमे में आरोप लगाया गया कि ट्रम्प ने समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए फिर से यह गाना बजाना शुरू कर दिया। 12 अक्टूबर को ट्रम्प रिपब्लिकन सीनेटर जॉन हस्टेड और गवर्नर पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी के समर्थन में वोट मांगने ओहायो पहुंचे थे।

गाने को लेकर नील यंग का पक्ष

मुकदमे में कहा गया कि 1989 का यह गाना अमेरिकी राजनीतिक बयानों के खोखले वादों और गरीब, बेघर व भुला दिए गए लोगों की मुश्किल जिंदगी के बीच का फर्क दिखाता है। मुकदमे के मुताबिक, गाने के बोल सड़क पर दिखने वाली परेशानियों की तस्वीर पेश करते हैं। इनमें एक मां का अपने बच्चे को छोड़ना, निराशा में खोए नशे के आदी लोग और समृद्धि की छाया में जमा होता कचरा शामिल है।

जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...



रंग भरकर चित्र बनाओ





जोक्स

मास्टर जी: सबसे ज्यादा नशा किसमें होता है?
छात्र: किताब में
मास्टर जी: कैसे?
छात्र: क्योंकि किताब खोलते ही नींद आ जाती है

टीचर: कौन सी जाति के लोग अच्छे नागरिक होते हैं ?
छात्र: बनिए !
टीचर: वो कैसे ?
छात्र: क्योंकि सर हर जगह लिखा होता है देश के अच्छे नागरिक बनिए।

वर्ग पहेली





बाएं से दाएं

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक, ऊंचाई-2
6. नलका, टूटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

ऊपर से नीचे

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण-3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2

माथा पच्ची

50		22		63		20	=	29
	■		■		■		■	
22		2		20		2	=	80
	■		■		■		■	
25		3		70		50	=	55
	■		■		■		■	
40		30		35		15	=	20
=	■	=	■	=	■	=	■	=
43		17		48		57	=	14/69

संकेत

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णतः मेल खाता हो.

शब्दों का जाल

ए	म	मा	ह्रें	न	गे	व्द	सिं	ह	क	वि				
हा	न	सू	ह	म	ल	जी	स	ल	व	ज				
सु	खे	जो	द	अं	बो	त	र	थ	ल	टी.				
कु	र	दा	पा	ल	क	ह	मा	ह	प	ए				
मा	खे	न	ष	ल	म	मी	र	स्म	सी	त.				
र	भी	ए	स	जि	स्था	क	प	सिं	गु	कृ				
से	ह	बु	म.	ठै	म	मी	ठे	बी.	ह	ष्म				
व	पू	सु	पा	सिं	पं.	सौ	ल	बी.	ना	मू				
मों	रे	क	सू	ह	ग	ने	ने	टं	न	सिं				
आ	र.	के.	त्रि	वे	दी	दो	ह	इ	क	थ				
टी.	ए	न	से	प	न	इ	ह	म	ह	धी				

शब्दजाल में 'भारत के प्रमुख 10 चुनाव आयुक्तों के नाम ढूंढिए. नाम ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं.

सुकुमार सेन, डॉ. नगेन्द्रसिंह, टी. स्वामीनाथन, टी.एन. शेषन, मनोहरसिंह, टी.एस. कृष्णमूर्ति, बी.बी.टंडन, एन. गोपालस्वामी, जे.एम. लिंगदोह, आर. के. त्रिवेदी

अष्टयोग

1			4	5		
2	25		32	4	36	2
7		1	6			
	34	6	31	6	33	5
	5		3			1
	37	5	31		30	3
	5		6	1		

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


माथा पच्ची का हल

39	+	56	-	2	-	35	=	58
-	■	+	■	x	■	-	■	-
31	-	20	+	14	+	32	=	57
+	■	+	■	-	■	+	■	x
40	x	2	-	20	-	30	=	30
-	■	+	■	+	■	-	■	-
30	+	5	x	5	-	15	=	15
=	■	=	■	=	■	=	■	=
18	+	43	-	13	-	18	=	11/36

अष्टयोग का हल

7	5	1	3	4	2	6
5	30	3	21	1	35	7
1	6	2	4	3	7	5
2	29	6	40	7	34	3
4	3	5	7	6	1	2
6	33	4	42	5	26	1
3	1	7	6	2	5	4

शब्दजाल का हल



सूडोकू नवताल

मध्यम

	8	1				2	5	
2								9
5			1		7	4		
9	5			4			2	
		3	9		6	7		
	7			8			1	5
		7	2		5			1
6								7
	1	5				6	9	

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल ---- का हल

5	9	4	2	3	6	1	8	7
8	7	3	1	4	5	2	9	6
6	1	2	8	7	9	3	5	4
1	6	7	9	8	2	4	3	5
3	8	5	4	1	7	6	2	9
2	4	9	6	5	3	7	1	8
7	5	6	3	9	1	8	4	2
4	2	1	5	6	8	9	7	3
9	3	8	7	2	4	5	6	1



ट्रम्प पर स्विस मॉडल ने रेप का आरोप लगाया:कहा- वीजा दिलाने के बहाने होटल में बुलाया था; 33 साल पुराना मामला

स्विट्जरलैंड की पूर्व मॉडल बीट्रिस क्यूल ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर रेप का आरोप लगाया है। उसने कहा कि 1993 में न्यूयॉर्क के प्लाजा होटल में ट्रम्प ने उनके साथ रेप किया था। क्यूल ने बताया कि घटना के बाद उनके शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था और चोट के निशान पड़ गए थे। यह दावा अमेरिकी संसद में डेमोक्रेटिक सदस्यों की ओर से जारी एक नई रिपोर्ट में किया गया है।

क्यूल ने 2024 में ट्रम्प पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। तब उन्होंने कहा था कि 1993 में ट्रम्प ने उन्हें जबरन पकड़ा, चूमा और उनके कपड़े उतारने की कोशिश की थी। अब नई रिपोर्ट में क्यूल ने समिति के कर्मचारियों को बताया कि उस घटना में ट्रम्प ने उनके साथ रेप किया था।

प्रतियोगिता के दौरान ट्रम्प से मुलाकात हुई थी



क्यूल स्विट्जरलैंड की मॉडल और पूर्व मिस स्विट्जरलैंड हैं। उनके मुताबिक, 1993 में वह अमेरिकन ड्रीम पेजेंट में हिस्सा लेने अमेरिका गई थीं। इस प्रतियोगिता की ट्रम्प के साथ साझेदारी थी। कार्यक्रम के दौरान मैनहैटन के प्लाजा होटल में पत्रकारों के साथ दोपहर के भोजन के समय उनकी ट्रम्प से मुलाकात हुई।

क्यूल ने बताया कि इसके बाद ट्रम्प के एक सहयोगी ने उन्हें होटल के कमरे में मिलने के लिए बुलाया। उन्हें लगा था कि वहां बातचीत होगी लेकिन उनके आरोप के मुताबिक, कमरे में ट्रम्प ने पीछे से उन्हें पकड़ लिया और जबरन रेप किया। बीट्रिस क्यूल ने आरोप लगाया है कि नवंबर 1993 में ट्रम्प ने उनका रेप किया था। उस समय उनकी उम्र 24 साल थी।

ट्रम्प ने चुप रहने को कहा था

क्यूल का आरोप है कि घटना के बाद ट्रम्प ने उनसे चुप रहने को कहा। उन्होंने अमेरिका का वीजा दिलाने और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाने में मदद करने का वादा भी दोहराया। इसके लिए ट्रम्प ने अपने करीबी सहयोगी पाओलो जाम्पोली की मदद लेने की बात कही थी। क्यूल के मुताबिक, अमेरिका पहुंचने के बाद उनका पासपोर्ट ले लिया गया था, इसलिए वह घटना के बाद प्रतियोगिता छोड़कर नहीं जा सकीं। स्विट्जरलैंड लौटने पर उन्होंने कुछ सप्ताह बाद हवाई में होने वाली ट्रम्प प्रायोजित एक अन्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया।

जांच रिपोर्ट में 3 महिलाओं के आरोप भी शामिल

रिपोर्ट में ट्रम्प पर आरोप लगाने वाली चार और महिलाओं के मामलों का भी जिक्र है। स्टेसी विलियम्स: उन्होंने आरोप लगाया कि एपस्टीन की मौजूदगी में ट्रम्प ने उन्हें गलत तरीके से छुआ था।

केटी जॉनसन: उन्होंने FBI को बताया था कि 1994 में, जब वह 13 साल की थीं, तब ट्रम्प और एपस्टीन ने उनका रेप किया।

जेन: उन्होंने FBI को बताया कि एपस्टीन ने 14 साल की उम्र में उनकी मुलाकात ट्रम्प से कराई थी।

ट्रम्प पर पहले भी रेप के आरोप लग चुके

1997: बिजनेसवुमन जिल हार्थ ने ट्रम्प पर यौन उत्पीड़न और रेप की कोशिश का आरोप लगाया। उन्होंने 1997 में मुकदमा दायर किया, जिसे बाद में वापस ले लिया।

2016: जेन डो नाम की एक महिला ने आरोप लगाया कि 1994 में ट्रम्प और जेफ्री एपस्टीन ने उनका रेप किया। उस समय उनकी उम्र 13 साल थी। 2016 में दायर मुकदमा सुनवाई से पहले वापस ले लिया गया।

2019: पूर्व पत्रकार ई जीन कैरोल ने आरोप लगाया कि 1990 के दशक के मध्य में ट्रम्प ने न्यूयॉर्क के डिपार्टमेंटल स्टोर में उनका रेप किया। 2023 में सिविल जूरी ने ट्रम्प को यौन शोषण के लिए जिम्मेदार ठहराया।

रिपोर्ट-हूतियों को हमला न करने के बदले पैसे देगा सऊदी:

रक्षा मंत्री 1 अरब डॉलर लेकर तेहरान पहुंचे; ईरान-पाकिस्तान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान/रियाद

सऊदी अरब और हूती विद्रोहियों के बीच पिछले 3 महीने से जंग चल रही है। हूती विद्रोहियों ने सऊदी के कई तेल ठिकानों और एयरपोर्ट्स पर हमले किए हैं। अब इसे खत्म करने के लिए सऊदी ने हूती विद्रोहियों को पैसे देने की पेशकश की है। इजराइली अखबार हायोम के मुताबिक सऊदी हूती विद्रोहियों को 1 अरब डॉलर (95 अरब रुपए) देने को राजी हो गया है।


ईरान इस समझौते के लिए मध्यस्थ बना है। रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान इस सिलसिले में बातचीत के लिए सोमवार को तेहरान पहुंचे थे। वे जिस प्लेन से तेहरान गए, उसमें पैसे भी ले गए थे। सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के अधिकारी सोमवार को तेहरान पहुंचे थे। उन्होंने ईरान जंग और हूती विद्रोहियों से जुड़े मुद्दों पर बातचीत की। इस बातचीत में पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और तुर्किये की खुफिया एजेंसी के प्रमुख इब्राहिम कालिन और ईरान की ओर से राष्ट्रपति मसूद पजशकियान भी शामिल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब का कहना है कि वह सैन्य दबाव में आकर कोई नया सीजफायर



समझौता नहीं करेगा। सऊदी चाहता है कि हूती पहले उन इलाकों को लौटाएं, जिन पर उन्होंने यमन की सरकार से कब्जा किया है। इस सरकार को सऊदी अरब का समर्थन हासिल है। हूतियों के हमलों से सऊदी अरब के एयरपोर्ट और तेल ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ा है। दूसरी ओर, बाब अल-मंदेब स्ट्रेट के पास भी हूतियों के कब्जे की वजह से सऊदी का तेल निर्यात प्रभावित हुआ है।

तीन साल पहले भी हुआ था आर्थिक मदद का समझौता

इजराइली मीडिया के मुताबिक, सऊदी अरब और हूतियों के बीच विवाद की एक वजह तीन साल पहले हुई सहमति को लागू न करना भी है। उस समझौते के तहत सऊदी अरब को हूतियों के नियंत्रण वाले इलाकों में सरकारी कर्मचारियों की सैलरी देने और आम लोगों के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं दोबारा बनाने के लिए आर्थिक मदद देनी थी।



पत्नी और दो बेटियां भी साथ; सरकार ने पासपोर्ट रद्द किया

ब्राजील चुनाव में हार के बाद अमेरिका भागे फ्लावियो बोल्सोनारो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ब्राजीलिया

ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद दक्षिणपंथी नेता फ्लावियो बोल्सोनारो अमेरिका रवाना हो गए हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, फ्लावियो के एक सहयोगी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। एक अमेरिकी अधिकारी ने भी रॉयटर्स को बताया कि फ्लावियो अमेरिका आ रहे हैं। उनकी पत्नी और दो बेटियां भी उनके साथ हैं। वे अमेरिका में राजनीतिक शरण मांग सकते हैं।

फ्लावियो रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से हार गए थे। उन्हें दूसरे चरण में 48% वोट मिले, जबकि लूला को 52% वोट मिले। चुनाव में हार के बाद फ्लावियो ने नतीजों को स्वीकार नहीं किया था फ्लावियो को सोमवार को ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने 24 घंटे के भीतर पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया था। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी के मामलों में जांच चल रही है। पुलिस



को आशंका थी कि वे जांच से बचने के लिए देश छोड़ सकते हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे तक फ्लावियो ने पासपोर्ट जमा नहीं किए। पुलिस को उनके देश छोड़कर भागने का शक हुआ, इसके बाद उनकी तलाश शुरू कर दी। मंगलवार शाम तक पासपोर्ट जमा नहीं होने पर अधिकारियों ने उनके पासपोर्ट रद्द कर दिए।

ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में हार के बाद मीडिया से बात करते लिबरल पार्टी के उम्मीदवार फ्लावियो बोल्सोनारो। तस्वीर 25 अक्टूबर 2026 की है। फ्लावियो के अमेरिका जाने की खबरों के बीच यह भी कहा गया कि वे पहले अर्जेंटीना पहुंचे थे। अर्जेंटीना में उनके करीबी सहयोगी और दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई की सरकार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ब्राजील-अर्जेंटीना सीमा के पास इगुआजु एयरपोर्ट पर एक निजी विमान उतरा था।

ईरानी राष्ट्रपति बोले- मुस्लिम देशों को एकजुट होना चाहिए:

जंग रोकने तेहरान पहुंचे सऊदी-पाक-तुर्किये; ट्रम्प ने जल्द हमला करने की धमकी दी थी

ईरानी राष्ट्रपति बोले- दबाव से देशों को झुकाया नहीं जा सकता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

ईरान के साथ जंग रोकने और पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के अधिकारी सोमवार को तेहरान पहुंचे। यहां उन्होंने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान और दूसरे अधिकारियों के साथ बैठक की। पजशकियान ने कहा कि मुस्लिम देशों को एकजुट होकर क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए काम करना चाहिए।

यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर जल्द हमला करने की धमकी दी थी। सऊदी अरब के डिफेंस मिनिस्टर प्रिंस खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के डिफेंस फोर्सेज के चीफ असीम मुनीर और तुर्किये के इंटेलिजेंस चीफ इब्राहिम कालिन तेहरान में मीटिंग में शामिल हुए।

सऊदी अरब के डिफेंस मिनिस्टर प्रिंस खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के डिफेंस फोर्सेज के चीफ असीम मुनीर और तुर्किये के इंटेलिजेंस चीफ इब्राहिम कालिन तेहरान में मीटिंग में शामिल हुए।

बैठक के दौरान पजशकियान ने कहा कि क्षेत्र के देशों को अपने लोगों के खिलाफ खतरों का मिलकर सामना करना चाहिए। आपसी मतभेदों को बातचीत से सुलझाना चाहिए और सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा की, इन बैठकों में होने वाला कोई भी ऐसा समझौता, जिससे क्षेत्र में एकता, आपसी तालमेल और सहयोग बढ़ेगा, उसे ईरान का पूरा समर्थन मिलेगा।

बैठक में कौन-कौन शामिल हुआ?

बैठक में सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और तुर्किये के खुफिया प्रमुख इब्राहिम कालिन शामिल हुए। ईरान की ओर से राष्ट्रपति पजशकियान के अलावा विदेश मंत्री अब्बास अराघची और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मेजर जनरल मोहसेन रेजाई भी मौजूद थे। इससे पहले सऊदी रक्षा मंत्री, तुर्किये के खुफिया प्रमुख और पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने रेजाई के साथ अलग से बैठक की थी। बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि चारों देश क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने और बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं।

आतंकी साजिश थी यहूदी प्रार्थनास्थल के पास आगजनी

:हैंडलर के इशारे पर खुद को साबित करने लगाई थी आग, बड़े टार्गेट मिलना थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोच्चि

केरलम के कोच्चि में ऐतिहासिक यहूदी सिनागॉग (प्रार्थनास्थल) के सामने 12 अक्टूबर को हुई आगजनी को पुलिस ने बड़े आतंकी षड्यंत्र का हिस्सा बताया है। पुलिस के मुताबिक, 32 वर्षीय आरोपी एबिन पॉल ने यह आग लगाई थी। कोच्चि शहर के पुलिस कमिश्नर कलिराज महेश कुमार ने कहा कि 12 अक्टूबर की सुबह किया गया हमला एक ₹टेस्ट केस₹ था। आरोपी को पहले कोच्चि में खुद को साबित करने के लिए कहा गया था। इसी के चलते पॉल ने पेट्रोल डालकर आग लगाने के बाद अपने मोबाइल पर घटना का वीडियो भी बनाया था। इसके बाद उसे अन्य राज्यों में बड़े हमलों की जिम्मेदारी देने की योजना थी।

कमिश्नर के मुताबिक, इसमें एक से ज्यादा लोग शामिल थे। एक हैंडलर ने पॉल को खास काम दिए थे, और उसे क्रिप्टोकरेंसी के जरिए पैसे भेजे गए थे। पुलिस का कहना है कि उसने पहले भी एनार्कुलम जिले के मुवत्तुपुझा में इसी तरह की आगजनी की थी।

टेलीग्राम पर आ रहे थे बॉस के निर्देश

कमिश्नर कुमार ने आगे बताया कि आरोपी को एक हैंडलर निर्देश दे रहा था और उसे क्रिप्टोकरेंसी के जरिए भुगतान किया जाता था। आरोपी को टेलीग्राम पर ह्यबॉसह्ल नाम से दर्ज संपर्क से निर्देश मिलते थे। आरोपी ने पूछताछ में ह्यविक्रमह्ल नाम के व्यक्ति का जिक्र किया है। पुलिस दोनों की पहचान की पुष्टि कर रही है।

आरोपी के पुणे में पढ़ाई और बैकग्राउंड से जुड़े पहलुओं की भी पड़ताल हो रही है। पुलिस जनवरी और मार्च में हुई 3 अन्य आगजनी की घटनाओं से भी जोड़कर जांच कर रही है। आरोपियों के खिलाफ 23 अक्टूबर को अनलॉफुल एक्टिविटीज (प्रिवेंशन) एक्ट लगाया गया था। आगे की जांच एंटी-टेररिज्म स्क्वाड कर रही है। पॉल एनार्कुलम जिले में कोलेनचेरी के पास पुथेनक्रूज के पास वदयाम्पडी का रहने वाला है। वह एक डिजाइन ग्रेजुएट है। पॉल के परिवार ने मुताबिक, वह डिप्रेशन का इलाज करवा रहा था और घर से डिजाइन का काम भी करता था। पॉल अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में है। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन से फोरेंसिक रिजल्ट्स निकाले हैं, जिससे बैन आतंकवादी संगठन के हैंडलर के बारे में और डिटेल्स पता चली हैं। कमिश्नर ने कहा- फिलहाल हम और जानकारी नहीं दे सकते हैं, क्योंकि बड़े आतंकी साजिश से जुड़ी जानकारियों की जांच की जा रही है।

लोन की किस्त नहीं चुकाई, एजेंट्स ने किसान को उठाया

मुंबई। महाराष्ट्र के नांदेड जिले में 40 साल के किसान चंद्रकांत शिंदे का शव मिला है। शव निजी फाइनेंस कंपनी के ऑफिस में मिला। परिवार और ग्रामीणों का आरोप है कि लोन की किस्त नहीं चुकाने पर रिकवरी एजेंट्स ने चंद्रकांत को किडनैप किया था। तीन दिन बाद उनका शव मिला। चंद्रकांत शिंदे नांदेड जिले के मुदखेड़ तहसील के मलकोठा गांव के रहने वाले थे। पत्नी की शिकायत के अनुसार 22 अक्टूबर की शाम को दो अज्ञात लोगों ने उन्हें जबरन एक मोटरसाइकिल पर बैठाया और फाइनेंस कंपनी ऑफिस ले गए।

दिल्ली में शराब की ऑनलाइन बुकिंग का एप लॉन्च

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में रहने वाले शराब के शौकीन अब घर बैठे ही एक नए मोबाइल ऐप के जरिए शराब की ऑनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। 'दिल्ली लिकर बुकिंग' नाम के इस ऐप को दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीसीआईआईडीसी) ने लॉन्च किया है। इसके जरिए पूरे शहर में लगभग 208 रिटेल स्टोर जुड़े हुए हैं। हालांकि, शराब की होम डिलीवरी नहीं की जाएगी। इसीलिए को ऑनलाइन पेमेंट करने के बाद 48 घंटे के भीतर खुद दुकान पर जाकर अपनी बोतलें लेनी होंगी। एप में दुकान की लोकेशन भी मिलेगी और घर बैठे यह भी पता चल जाएगा कि पसंदीदा शराब का ब्रैंड किस दुकान पर उपलब्ध है। ऑनलाइन बुकिंग ऐप शुरू करने पर अधिकारियों ने कहा कि इसका मकसद दुकानों पर लगने वाली भीड़ और इंतजार के समय को कम करना, पेमेंट काउंटर पर दबाव घटाना, और कीमतों और बिलिंग में पारदर्शिता लाना है।

इजराइल चुनाव- शुरूआती रुझानों में नेतन्याहू गठबंधन आगे:

5 एग्जिट पोल में से 3 में आइजनकोट गठबंधन पीछे; अरब पार्टियां किंगमेकर बन सकती हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

इजराइल में संसदीय चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। अब तक 7.6% मतों की गिनती पूरी हो चुकी है। इसमें नेतन्याहू गठबंधन को 64 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, गादी आइजनकोट के गठबंधन को 48 सीटें मिलने का अनुमान है।

इजराइली संसद में 120 सीटें हैं। बहुमत के लिए 61 सीटें जरूरी हैं। वोटिंग खत्म होने के बाद 5 एग्जिट पोल के नतीजे आए हैं। 3 में आइजनकोट गठबंधन पीछे है। 2 एग्जिट पोल में दोनों गठबंधन को बराबर सीटें दी गई हैं। अरब पार्टियों को 18 सीटें दी गई हैं। ऐसे में ये पार्टियां किंगमेकर बन सकती हैं।

शुरूआती एग्जिट पोल के मुताबिक, चुनाव के नतीजों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और याशार पार्टी के नेता गादी आइजनकोट, दोनों के सामने सरकार बनाने का रास्ता साफ नहीं है। अनुमानों के मुताबिक, नेतन्याहू समर्थक और विरोधी,



दोनों गठबंधनों को करीब 50 से कुछ ज्यादा सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं, अरब पार्टियां धीरे-धीरे ऐतिहासिक 20 सीटों के आंकड़े के करीब पहुंच रही हैं।

ये शुरूआती अनुमान हैं और अंतिम नतीजों में सीटों का बंटवारा बदल सकता है। फिर भी, इन नतीजों ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है: किसी के पास सरकार बनाने के लिए संसद में जरूरी बहुमत न हो, तो आगे क्या होगा? प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू यरुशलम में लिकुड पार्टी के चुनाव मुख्यालय पहुंच गए हैं। वहां समर्थक हाथों में पोस्टर और तख्तियां उठाकर खड़े हैं। कुछ समर्थक कुर्सियों पर चढ़कर जश्न मना रहे हैं।



पहले 1 लाख वोटों की गिनती में नेतन्याहू की पार्टी आगे

इजराइल के केंद्रीय चुनाव समिति के मुताबिक पहले 1 लाख वोटों की गिनती के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी को करीब 27% वोट मिले हैं। गादी आइजनकोट की यशर पार्टी को करीब 17%, जबकि नफ्ताली बेनेट की टुगेदर पार्टी को लगभग 9% वोट मिले हैं। इजराइल में विपक्षी नेता गादी आइजनकोट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने और राजनीति से हटने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनता ने बदलाव के लिए वोट दिया है।

■ वर्ष-12 अंक-354 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावरस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित् सत्यादभ्यधिकं क्वचित्॥

भावार्थ : समंदर के जहाज की तरह, सत्य स्वर्ग का सोपान है। सत्य से जादा पावनकारी और कुछ नहीं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 28 अक्टूबर, 2026

नवर्म्ब १ दिनाङ्कात् स्वच्छताव्यवस्था परिवर्तनं भविष्यति; ३५ आवेदकाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

नगरनिगमस्य मेयर-इन-काउन्सिलस्य एकस्याः बैठक्याः समये नगरस्य स्वच्छताव्यवस्था, ठोस अपशिष्टप्रबन्धनार्थं एजेन्सीनां चयनं, प्रमुखचतुष्पथानां नाम परिवर्तनं, उत्सवस्य ऋतुकाले पटाखाव्यापारिणां कृते राहतपरिहाराः च इति विषये महत्त्वपूर्णाः निर्णयाः गृहीताः। मेयर जगतबहादुरसिंह अन्नू इत्यस्य अध्यक्षतायां आयोजितायां सभायां नगरस्य १६ प्रशासनिकविभागेषु स्वच्छतायाः ठोसअपशिष्टप्रबन्धनसेवानां च ऑनलाइननिविदाप्रक्रियायां ३५ बोलीदातारः भागं गृहीतवन्तः इति ज्ञातम्। तकनीकीमूल्यांकनस्य अनन्तरं १७ बोलीदातारः पात्राः इति गणिताः, १८ जनाः अयोग्याः इति घोषिताः।

राशिफल

मेष : फाइनेंशियल सिचुएशन आपकी पहले से बेहतर होने वाली है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

वृषभ : खुद पर भरोसा करें, क्योंकि यह आपका प्यार, करियर और फाइनेंशियल मामलों में डीसीज लेने में मार्गदर्शन करेगा।

मिथुन : पैसों के मामले में सोच समझकर डिसीजन लेना बेहतर रहेगा। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा।

कर्क : कुछ लोग आज काफी अच्छा समय अपने पार्टनर के साथ गुजारेंगे। शैक्षिक कार्यों में सफलता।

सिंह : बाहर का खाना नुकसानदायक साबित हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

कन्या : अपनी प्रोडक्टिविटी को बढ़ाने के चक्कर में मेंटल हेल्थ को इग्नोर न करें। पिता व जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें।

तुला : जीवन के किसी भी क्षेत्र में बदलावों को हमेशा पॉजिटिव दृष्टिकोण के साथ एक्सेप्ट करना चाहिए।

वृश्चिक : अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करें। आज का दिन इमोशनल तौर पर काफी महत्वपूर्ण रहेगा।

धनु : आज का आपका दिन हैप्पी हैप्पी रहने वाला है। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

मकर : खुद के लिए समय निकालना बेहद जरूरी है। ऑफिस की पॉलिटिक्स से बचाना आपके लिए बेहतर होगा।

कुंभ : किसी पुराने इन्वेस्टमेंट से अच्छा रिटर्न मिल सकता है। परिवार में भी शांति बनाए रखें।

मीन : अपनी हेल्थ पर फोकस जरूर रखें। लाइफ में बैलेंस बनाएं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

सम्पादकीयम्

परीक्षणं कुर्मः

यदा संवाददाता त्रिचतुर्वर्षीयाः बालिकाः अपि बलात्कृताः इति दर्शितवान्-तेषां वस्त्रस्य दोषः कथं भवितुम् अर्हति इति पृष्टवती-तदा सा महिला अवदत् यत्, तेषु सति बालिकाः अनिरीक्षिताः त्यक्ताः इति मातापितृणां दोषः इति अतः अस्य तर्कस्य गम्भीरतापूर्वकं परीक्षणं कुर्मः। किं पुरुषस्य यौनकामना एतावता अनियंत्रिता यत् स्त्रियाः दर्शनमात्रेण तस्य सर्वतर्कबुद्धिः नष्टा भवति? किं सः कामस्य अपराधस्य च भेदं कर्तुं असमर्थं अन्तः पशुं आश्रयति? यदि एषः प्रचलितः तर्कः अस्ति तर्हि अन्यः प्रश्नः अवश्यं पृष्टव्यः यत् किं स्त्रियः यौनकामनाम् अनुभवन्ति? कुर्वन्ति। ते अवश्यं कुर्वन्ति। तथापि कामस्य अनुभवः, तेषां सहमतिम् विना अन्यस्य उपरि आक्रमणं च द्वौ बहु भिन्नौ। कामः परस्य शरीरस्य उल्लङ्घनस्य अधिकारं न ददाति। अननुमतेन क्रियमाणे कामना काममात्रं निवर्तते; परस्य सीमायाः उल्लङ्घनं भवति। किं तर्हि पुरुषाणां प्रतिबिम्बं कामान् नियन्त्रयितुं असमर्थत्वेन चित्रितम्। एषः पुरुषाणां अपि अन्यायः अस्ति। तं मनुष्यरूपेण द्रष्टुं न अपि तु प्रायः आवेगेन चालितः पशुः इव व्यवहारः क्रियते-कश्चित् कदापि अपराधं कर्तुं समर्थः, यथा सः स्वकर्मणां उत्तरदायित्वं न वहति न तु तत्। मनुष्यः स्वस्य आग्रहान् नियन्त्रयितुं सर्वथा समर्थः भवति; ननु सः अवश्यम्। तस्य ज्ञातव्यं यत् बालिकायाः उपस्थितिः बलात्कारस्य आमन्त्रणं न भवति। सायंकाले तस्याः बहिः गमनम् अपराधस्य आमन्त्रणं न भवति। तस्याः वस्त्रचयनं–ह्रस्वं वा दीर्घं वा–तस्याः शरीरस्य चरित्रस्य वा विषये कस्मै अपि टिप्पणीं कर्तुं अधिकारः न ददाति।

मनीषा चिकित्सामहाविद्यालये निधनात् पूर्वं १४४ घण्टाः

यावत् स्वजीवनस्य कृते युद्धं कृतवती; परिवारस्य आशाः शोकरूपेण परिणमन्ति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर



कदाचित्, जीवनं व्यक्तिं तस्मिन् बिन्दौ आनयति यत्र कुटुम्बस्य प्रत्येका आशा चिकित्सालयस्य शयने एव तिष्ठति। प्रियजनस्य कल्याणस्य आकांक्षायां परिवारजनाः प्रत्येकं क्षणं गच्छन् उत्तमवार्ता प्रतीक्षन्ते; तथापि यदा सर्वेषां प्रयत्नानाम् अभावे अपि जीवनयुद्धं नष्टं भवति तदा केवलं स्मृतयः अपूरणीयः हानिः एव अवशिष्टा। एतत् जाबलपुरस्य गोपालपुरनिवासिनः मनीषा भूमिया इत्यस्याः परिवारे अभवत्। विषयुक्तस्य पदार्थस्य सेवनानन्तरं मनीषा गम्भीरस्थितौ चिकित्सामहाविद्यालये प्रवेशितः। प्रायः षड्दिनानि यावत् चिकित्सायाम् तस्याः परिवारः सा जीविष्यति इति आशां धारयति स्म, परन्तु अन्ते सा मृता।

मनीषायाः मृत्योः वार्ता तस्याः कुटुम्बस्य कृते विनाशकारी आघातरूपेण आगता। तेषां आशासितस्य पुनर्प्राप्तेः गृहं प्रत्यागमनस्य च स्थाने तस्याः अन्तिमविदाईयाः सज्जतायै परिवारः अवशिष्टः आसीत्। अस्य घटनायाः परितः परिस्थितिः अस्पष्टा एव अस्ति। पुलिसेन प्रकरणं पञ्जीकृत्य अन्वेषणं आरब्धम् अस्ति।

अक्टोर्ब-मासस्य ११ दिनाङ्के रात्रौ मनीषायाः स्वास्थ्यं क्षीणम् अभवत् भेडाघाटपुलिसस्य सूचनानुसारं गोपालपुरनिवासी मनीषा भूमिया अक्टोर्ब ११ दिनाङ्के रात्रौ स्वगृहे विषयुक्तं पदार्थं सेवितवती तदनन्तरं तस्याः स्थितिः अधिका अभवत्। यथा यथा तस्याः स्थितिः गम्भीरा अभवत् तथा तथा तस्याः परिवारः तां चिकित्सामहाविद्यालयं प्रति त्वरितम् अयच्छत्, यत्र सा वैद्यानां परिचर्यायां चिकित्सां कर्तुं आरब्धा।

अयं परिवारस्य कृते अविश्वसनीयः कठिनः समयः आसीत्, यः प्रतिदिनं तस्याः पुनर्प्राप्तेः नूतना आशापूर्वकं प्रतीक्षते स्म। परन्तु विषद्रव्यस्य सेवनं किं जातम् अथवा येषु विशिष्टेषु परिस्थितिषु एषा घटना अभवत् इति अद्यापि स्पष्टं न भवति।

एतादृशेषु सति किमपि निष्कर्षं प्राप्तुं पूर्वं घटनायाः प्रत्येकं पक्षं परीक्षितुं अत्यावश्यकम्। सम्प्रति पुलिस अस्मिन् दिशि अन्वेषणं प्रचलति। षड्दिनानि चिकित्सा, ततः तस्याः अन्तिमः निःश्वासः मनीषा चिकित्सामहाविद्यालये चिकित्सां कुर्वती आसीत्, तस्याः परिवारः तस्याः स्वस्थतायाः आशां कुर्वन् आसीत् येन सा गृहं प्रत्यागन्तुं शक्नोति। तथापि सा आशा अपूर्णा एव अभवत्। पुलिसस्य मते मनीषा रात्रौ विलम्बेन, प्रायः १:३० वादने, चिकित्सायाम् एव निधनं जातम्। प्रायः १४४ घण्टापर्यन्तं जीवनमरणयोः युद्धं कृत्वा मनीषा अन्तिमं निःश्वासं गृहीतवती। चिकित्सालये चिकित्सां कृत्वा अपि तस्याः जीवनं रक्षितुं न शक्तम्। तस्याः निधनेन तस्याः परिवारः गहने आघाते अभवत्। अधुना यावत् अस्याः दुःखदघटनायाः परिस्थितेः विषये कोऽपि निश्चितः निष्कर्षः न प्राप्तः। विषं किमर्थं वा कथं वा सेवनं कृतम् इति अस्पष्टम् अस्ति। स्थितिं दृष्ट्वा अनुमानं न कृत्वा अन्वेषणस्य निष्कर्षाणां प्रतीक्षा विवेकपूर्णा भवति। पुलिस शवपश्चात् शवम् प्रेषयति भेडाघाटपुलिसस्य अनुसारं शनिवासरे मनीषायाः श्वशुरेण विजयभूमिया इत्यनेन एतस्य घटनायाः सूचना दत्ता, यः मध्यप्रदेशविद्युत्मण्डलस्य (एमपीईबी) निजीरूपेण कार्यं करोति। सूचनां प्राप्य पुलिसैः प्रकरणं पञ्जीकृत्य शवस्य पोस्टमार्टमपरीक्षायै प्रेषितम्। सम्प्रति पुलिस अस्य घटनायाः तथ्यस्य परिस्थितेः च अन्वेषणं कुर्वती अस्ति। विषाक्तपदार्थस्य सेवनं कथं केषु परिस्थितिषु च कृतम् इति निर्धारणं जिज्ञासायाः प्रमुखं केन्द्रं भविष्यति। अस्मिन् स्तरे पुलिसैः घटनायाः कारणसम्बद्धं किमपि अन्तिमनिष्कर्षं न प्राप्तम्। गोहलपुरे एकस्य युवकस्य मृत्युः; पुलिस अन्वेषण आरंभ इदानीं नगरस्य गोहलपुरपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे कुडवारीक्षेत्रे अन्यत् दुःखदघटना प्रकाशं प्राप्तवती अस्ति।

नियोजितप्रदर्शनानां

कवरेजार्थं मीडियासङ्गठनानां सल्लाहः दीयते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

मीडियासंस्थाः नियुक्तिस्थाने पत्रकारानां स्थानस्य निरीक्षणार्थं उत्तरदायी सम्पर्कव्यक्तिं नियुक्त्य आपत्काले सहायतायाः समन्वयं कुर्वन्तु। स्वतन्त्रपत्रकाराः अपि स्वस्थानस्य, रिपोर्टिंग् असाइनमेण्ट्, पुनरागमनस्य अपेक्षितसमयस्य च विषये विवरणं विश्वसनीयसम्पादकेन वा सम्पर्कव्यक्तिना वा साझां कर्तुं सल्लाहं ददति। एकान्ते कार्यं कुर्वन्तः पत्रकाराः स्वस्य सुरक्षायाः विषये मनसि धारयन्तु, यत्र सम्भवं तत्र सहकारिभिः सह नियमितरूपेण सम्पर्कं कुर्वन्तु। नियोजितप्रदर्शनानां कवरेजार्थं मीडियासङ्गठनानां सल्लाहः दीयते यत् ते पुलिसेन, जनसम्पर्कपदाधिकारिभिः, अथवा अधिकृतप्रेससम्पर्कपदाधिकारिभिः सह समन्वयं कुर्वन्तु। एतेन संचारमार्गाः स्पष्टीकर्तुं साहाय्यं कर्तुं शक्यते तथा च पत्रकारानां कृते निर्दिष्टमाध्यमक्षेत्रेषु अथवा सुरक्षितक्षेत्रेषु सूचनाः प्रदातुं शक्यन्ते, यदि आवश्यकता उत्पद्यते। अस्याः व्यवस्थायाः उद्देश्यं पत्रकारानां नियन्त्रणं न भवति, अपितु स्थले संचारस्य अन्तरालस्य, अनावश्यकजोखिमानां च न्यूनीकरणम् अस्ति। यदा समाचारकक्षं संवाददातुः स्थितिं सूचितं भवति तदा सम्पर्कस्य हानिः अथवा आपत्कालः भवति चेत् अधिकप्रभाविप्रतिक्रियायाः सुविधा भवति।

विमेंस प्रीमियर लीग 2027 का ऑक्शन आज कोच्चि के ग्रैंड हयात में होगा

146 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली, 27 स्लॉट खाली

यूपी वॉरियर्स के पास सबसे ज्यादा 3.75 करोड़

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विमेंस प्रीमियर लीग 2027 का ऑक्शन 28 अक्टूबर को कोच्चि के ग्रैंड हयात में होगा। शाम 5:30 बजे शुरू होने वाली नीलामी में 5 फ्रेंचाइजी बोली लगाएंगी। यूपी वॉरियर्स के पास सबसे ज्यादा 3.75 करोड़ का पर्स बचा है।

ऑक्शन के लिए 146 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, लेकिन टीमों के पास कुल 27 खाली स्लॉट हैं। इनमें 20 भारतीय और 7 विदेशी खिलाड़ियों की जगह है। खिलाड़ियों की सूची में 119 भारतीय और 27 विदेशी शामिल हैं। डब्ल्यूपीएल का पांचवां सीजन 14 जनवरी से 7 फरवरी 2027 तक खेला जाएगा। मुकाबले किन शहरों में होंगे, इसकी घोषणा अभी नहीं हुई है।

ऑक्शन कैसे होता है? बेस प्राइस और पर्स का मतलब समझिए- ऑक्शन में टीमें उन खिलाड़ियों के लिए बोली लगाती हैं, जिन्हें वे अपनी टीम में शामिल करना चाहती हैं। हर खिलाड़ी की एक शुरूआती कीमत तय होती है, जिसे बेस प्राइस कहते हैं। इसके बाद टीमें बोली बढ़ाती हैं और सबसे ऊंची बोली लगाने वाली फ्रेंचाइजी खिलाड़ी को खरीदती है। अगर कोई टीम बोली नहीं लगाती, तो खिलाड़ी अनसोल्ड भी रह सकती है। हर टीम के पास खर्च करने के लिए सीमित रकम होती है, जिसे पर्स कहते हैं।



कैप्ड और अनकैप्ड खिलाड़ी कौन होती हैं?

ऑक्शन में कैप्ड और अनकैप्ड शब्द खिलाड़ियों के अंतरराष्ट्रीय अनुभव के आधार पर इस्तेमाल किए जाते हैं।

कैप्ड खिलाड़ी: जो अपने देश की सीनियर अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए खेल चुकी हो।

अनकैप्ड खिलाड़ी: जिसने अभी तक अपने देश की सीनियर अंतरराष्ट्रीय टीम के लिए मैच नहीं खेला हो।

इस ऑक्शन में 119 भारतीय खिलाड़ियों में 22 कैप्ड और 97 अनकैप्ड हैं। विदेशी खिलाड़ियों में 14 कैप्ड और 13 अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। विदेशी सूची में एसोसिएट देशों की 6 खिलाड़ी भी शामिल हैं। एसोसिएट देश वे हैं, जिनके क्रिकेट बोर्ड आईसीसी के पूर्ण सदस्य नहीं हैं। हर फ्रेंचाइजी की स्क्वॉड में अधिकतम 18 खिलाड़ी हो सकते हैं। इनमें विदेशी खिलाड़ियों की संख्या 6 से ज्यादा नहीं हो सकती। टीमों के लिए रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों की संख्या पर कोई तय सीमा नहीं थी। 28 सितंबर तक फ्रेंचाइजी ने अपने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों के नाम दे दिए थे।

किस खिलाड़ी ने कितनी बेस प्राइस रखी- इंग्लैंड की सोफिया डंकली और ऑस्ट्रेलिया की सोफी मोलिन्यू ने 50-50 लाख की बेस प्राइस रखी है। बेस प्राइस खिलाड़ी को मिलने वाली तय रकम नहीं होती, बल्कि बोली शुरू होने की कीमत होती है। बोली नहीं लगने पर खिलाड़ी अनसोल्ड भी रह सकती है।

मोलिन्यू पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुकी हैं। वह 2024 में खिताब जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं। उन्होंने उस सीजन के 10 मैचों में 12 विकेट लिए थे। घुटने की चोट के कारण वह 2025 सीजन में नहीं खेलीं और 2026 सीजन से भी बाहर रहीं। डंकली 2023 में गुजरात जायंट्स के लिए खेली थीं। उन्होंने 2024 सीजन के लिए अपना नाम नहीं दिया था और 2025 के ऑक्शन में अनसोल्ड रही थीं।

बेंगलुरु में एलिस पेरी की वापसी- इस नीलामी में सबसे बड़ा सवाल यह है कि टीमें अपने किन फैसलों की भरपाई करना चाहेंगी। वढ वॉरियर्स ने पिछले सीजन में आखिरी स्थान पर रहने के बाद डिएंड्रा डॉटिन, क्लो ट्रायन और किरण नवगिरे जैसे खिलाड़ियों को रिलीज किया है। फ्छइ ने ग्रेस हैरिस को रिलीज किया, जबकि एलीस पेरी की वापसी से टीम के विदेशी खिलाड़ियों के चयन में नया समीकरण बनेगा। मुंबई इंडियंस ने जी कमलिनी को रिलीज किया है, जो टीम के विकेटकीपिंग विकल्पों को लेकर सवाल खड़ा करता है। दिल्ली कैपिटल्स ने लिजेल ली और स्नेह राणा को जाने दिया, जबकि गुजरात जायंट्स ने डैनी वायट-हॉज को रिलीज किया है।

ज्योतिष/वास्तु

गजकेसरी योग 2 नवंबर को

गुरु-चंद्रमा की युति से मिल सकता है धन और करियर में लाभ



2 नवंबर की सुबह चंद्रमा कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। सिंह राशि में पहले से गुरु बृहस्पति के मौजूद होने के कारण चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बनेगा। ऐसे में कुछ राशियों को बड़ा लाभ हो सकता है।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, 2 नवंबर की सुबह चंद्रमा कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। सिंह राशि में पहले से गुरु बृहस्पति के मौजूद होने के कारण चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बनेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को शुभ माना जाता है। इसके प्रभाव से मेष, कर्क, सिंह और वृश्चिक राशि के जातकों को करियर, आर्थिक स्थिति और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है।

1. मेष राशि- मेष राशि के जातकों के पंचम भाव में गजकेसरी योग का निर्माण होगा। इससे आपकी समझने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार देखने को मिल सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और करियर में नई उपलब्धियां हासिल करने के अवसर मिल सकते हैं। पहले किए गए निवेश से लाभ मिलने की संभावना है। कार्यस्थल पर आपकी मेहनत और कार्यशैली वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर सकती है।

2. कर्क राशि - कर्क राशि के जातकों के दूसरे भाव में गजकेसरी योग बनेगा। इस भाव का संबंध धन, परिवार और वाणी से माना जाता है। इस योग के प्रभाव से आपकी बातचीत करने की शैली प्रभावशाली हो सकती है और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होने के संकेत हैं। पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को आमदनी बढ़ाने के नए अवसर मिल सकते हैं। प्रेम संबंधों में आपसी समझ मजबूत हो सकती है और आर्थिक मामलों में भी राहत मिल सकती है। विवाहित जातकों के जीवन में भी सामंजस्य और मधुरता बढ़ने की उम्मीद है।

3. सिंह राशि- सिंह राशि में ही गजकेसरी योग बनने से इस राशि के जातकों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप पहले से अधिक सक्रियता के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा सकते हैं। नौकरी करने वाले कुछ लोगों को वेतन वृद्धि या बेहतर आमदनी का अवसर मिल सकता है। यदि आप अपना कारोबार शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो इस दिशा में प्रयास तेज कर सकते हैं। विवाह योग्य लोगों के लिए भी समय अनुकूल रह सकता है और किसी खास व्यक्ति से मुलाकात संभव है।

4. वृश्चिक राशि - वृश्चिक राशि के दसवें भाव में गजकेसरी योग बनेगा, जिसे कर्म और पेशेवर जीवन से जोड़कर देखा जाता है। इसके प्रभाव से कार्यक्षेत्र की परेशानियां कम होने और पदोन्नति के अवसर मिलने की संभावना है। नौकरी बदलने की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। शेयर बाजार में निवेश करने वालों को लाभ की उम्मीद हो सकती है, लेकिन निवेश से पहले नियम जान लें। स्वास्थ्य के मामले में भी अपनी दिनचर्या और खानपान पर ध्यान देना लाभकारी रहेगा।

अभिषेक तुम बढ़िया खेले, लेकिन मेरा रिकॉर्ड नहीं टूटा

युवराज सिंह का मजाकिया पोस्ट, लिखा- मैं भी 30 बॉल पर सेंचुरी नहीं जमा पाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अभिषेक शर्मा को लेकर सोशल मीडिया पर मजाकिया पोस्ट किया है। युवराज ने लिखा- तुम अब भी 12 गेंदों में 50 रन नहीं बना सकते। है ना अभिषेक शर्मा। ऐसा लग रहा है जैसे दो बाएं हाथ के बल्लेबाज अपने घर पर खेल रहे हों।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 में अभिषेक ने 38 गेंद पर 113 रन की पारी खेली। सूर्यवंशी ने भी 19 गेंद पर 45 रन बनाए। इसकी बदौलत भारत ने 199 रन का टारगेट 13.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैच के बाद युवराज ने 2 पोस्ट किए। उन्होंने अभिषेक और वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की। साथ ही लिखा कि 30 या 34 गेंद पर शतक मैं भी नहीं जमा पाया।

युवराज बोले- वैभव-अभिषेक की जोड़ी खतरनाक- युवराज ने अभिषेक को शानदार पारी के लिए बधाई दी और मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने सिंगल रन भी लिए। युवराज ने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि अभिषेक अपने सिक्स हीटिंग के लिए जाने जाते हैं। युवराज ने वैभव और अभिषेक की जोड़ी को बेहद खतरनाक बताया। युवराज ने संजू सैमसन को टीम मैन बताया, जो नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे।



12 गेंदों में फिफ्टी बनाना आसान नहीं-

अभिषेक- अभिषेक ने मैच के बाद कहा कि 12 गेंदों में 50 रन बनाना बिल्कुल आसान नहीं है। ऐसा कभी-कभी ही होता है। उन्होंने कहा कि बल्लेबाज मैदान पर किसी रिकॉर्ड के लिए नहीं, बल्कि टीम को मैच जिताने के इरादे से उतरते हैं।

अभिषेक ने कोहली और बाबर का रिकॉर्ड तोड़ा

वेलिंगटन। भारत ने तीसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हरा दिया। वेलिंगटन में अभिषेक शर्मा ने 35 बॉल पर शतक लगाया। इसके साथ ही उन्होंने इस मामले में विराट कोहली और बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया। अभिषेक ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 43 बॉल में 133 रन की साझेदारी की। उन्होंने सबसे तेज शतकीय साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। वहीं भारत ने पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट (इंटरनेशनल, लीग और डोमेस्टिक) में अपना 11वां शतक लगाया। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली, क्विंटन डी कॉक और डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ दिया। इन तीनों के नाम 10-10 शतक हैं। इस मामले में क्रिस गेल 22 शतकों के साथ पहले और बाबर आजम 13 शतकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

श्रीलंका ने पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लाहौर

श्रीलंका ने पाकिस्तान वनडे ट्राई-सीरीज के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 8 विकेट से हरा दिया। लाहौर में मंगलवार को पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.3 ओवर में 110 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में श्रीलंका ने 18.1 ओवर में 2 विकेट पर 114 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रीलंका की जीत के हीरो तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका रहे, जिन्होंने 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने 23 रन तक 2 विकेट गंवा दिए। फखर जमां 5 और माज सदाकत 8 रन बनाकर आउट हुए। बाबर आजम ने 33 गेंदों पर 29 रन बनाकर पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन उनके आउट होने के बाद पाकिस्तान के विकेट लगातार गिरते रहे। साद बेग 5, कप्तान सलमान आगा 9 और शादाब खान 2 रन बनाकर आउट हुए। हसन नवाज ने 31 गेंदों पर 17 रन बनाए, जबकि शाहीन शाह अफरीदी ने 13 गेंदों पर 15 रन का योगदान दिया। मदुशंका ने पाकिस्तान के 5 विकेट लिए।

खबर एक नजर...

रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को किया जागरूक



उज्जैन। ऑनलाइन साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों को लेकर जीआरपी टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया शुरू किया गया है। मंगलवार को जीआरपी थाना प्रभारी सुनील कुमार गुप्ता ने टीम के साथ रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में यात्रियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। टीम द्वारा यात्रियों को बताया कि ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिये सावधानी ही सबसे बड़ा हथियार है। किसी भी अनजान लिंक पर क्लीक ना करे। अंजान व्यक्ति के साथ ओटी और बैंक संबंधी जानकारी शेयर ना करें। अगर साइबर धोखाधड़ी होती है तो तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 शिकायत दर्ज कराये।

देवासरोड पर कारों की भिड़ंत, एक पलटी 3 घायल

उज्जैन। देवासरोड आक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के पास रात 12 बजे के लगभग 2 कारों की भिड़ंत हो गई। एक कार पलटी खा गई जिसमें सवार सुनील पिता बाबूलाल सूर्यवंशी 25 साल निवासी पिपलिया सारंग उन्हेल, कर्तव्य पिता महेन्द्र मालवीय 23 साल जावरा और अमन पिता हैदर शेख 21 साल निवासी दरभंगा बिहार घायल हो गये। तीनों इंदौर रोड होटल प्रेसिडेंट में काम करते है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर नागझिरी थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, दूसरी कार क्षतिग्रस्त हुई थी, जिसका चालक मौके से चला गया था। नागझिरी थाना पुलिस ने घायल सुनील सूर्यवंशी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। सड़क दुर्घटना का दूसरा मामला घौंसला महिदपुर रोड ग्राम खेडाखजूरिया में हुआ। 2 बाइक की टक्कर में एक बाइक पर सवार भवानीराम पिता जगदीश नट निवासी ग्राम सादवा कायथा, उसकी पत्नी किरण, भांजी मुस्कान और पुत्री दिक्षा घायल हो गये। टक्कर मारने वाला बाइक चालक भाग निकला था। राघवी पुलिस ने मामला दर्ज कर भागे बाइक चालक की तलाश शुरू की है।

मेढ़ खोदने की बात पर परिवार 2 पक्षों में हुआ विवाद

उज्जैन। बड़नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सारोला में खेत की मेढ़ खोदने की बात पर परिवार के 2 पक्षों में विवाद हो गया। दोनों ओर से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर दोनों पक्ष आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। पुलिस ने एक पक्ष से चेतन पिता उदयसिंह पंवार की शिकायत पर मंगलसिंह, मोहनसिंह और अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं मंगल पिता मदनसिंह की शिकायत पर चेतन, उदयसिंह, सोहन और रूपसिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया। दोनों पक्षों के घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पारिवारिक विवाद के एक मामला बड़नगर के ग्राम जाफला से सामने आया। पुलिस ने राधेश्याम पिता छीतरसिंह और उसके भतीजे रवि पिता घनश्यामसिंह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। रवि का आरोप था कि रास्ते की बात को लेकर बड़े पापा के परिवार ने मारपीट की है। वहीं राधेश्याम की ओर से उसकी पत्नी राधाबाई और पुत्री मनसा घायल हुई है। जिनका आरोप था कि गेहूं रखने की बात पर रवि ने विवाद किया था।

नीलगाय आने पर बिगड़ा बाइक चालक का संतुलन

उज्जैन। भैरवगढ़ का रहने वाला मोहन पिता रणछोड़ मालवीय 40 साल सोमवार को महिदपुर में रहने वाली बुआ के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात में वापस लौट रहा था। पानबिहार के पास अचानक नीलगाय सामने आने पर उसकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और टकराने पर घायल हो गया। उसे उपचार के लिये लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। घायल का कहना था कि अंधेरा होने पर वह जानवर नहीं देख सका लेकिन गाय जैसा बड़ा जानवर था। ग्रामीण क्षेत्रों में नीलगाय की मौजदूगी अब भी बनी हुई है। जिसके चलते बाइक सवारों के साथ होने वाली दुर्घटना के मामले सामने आते रहते है।

डंपर चालक ने खड़े लोडिंग वाहन को मारी टक्कर

उज्जैन। कायथा थाना क्षेत्र में तेजगति से दौड़ते डंपर चालक ने सड़क किनारे लोडिंग वाहन को टक्कर मार दी। लोडिंग में आर्यन पिता सालिगराम चौहान 19 साल निवासी ब्राह्मण पिपल्या बैठा था। वह घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। पुलिस ने लोडिंग चालक रितेश पिता तोफानसिंह की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

दिन	358-6	238-3
मेन बाजार	560-1	380-1
मिलन डे	447-5	244-0
मिलन नाइट	278-7	558-8

3	9	0

1 लाख की मांगी थी फिरौती, घेराबंदी में टूटी टांग

पिस्टल से फायर कर धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

फिरौती नहीं देने पर पिस्टल से फायर कर जान से मारने की धमकी देने वाले हिस्ट्रीशिटर बदमाश को पुलिस ने एमआर-5 रोड पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। बदमाश का साथी फरार है, जिसके संबंध में पूछताछ की जा रही है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर में बदमाश रवि डाबी और सावन लौहार ने निहालसिंह उर्फ नेनी के घर में घुसकर 1 लाख की फिरौती मांगी और जान से मारने की धमकी देकर पिस्टल से फायर किया था। दोनों बदमाशों ने ट्रेवल्स एजेंसी का संचालन करने वाले निहाल के दोस्त



हितेश यादव को भी धमकाया था और साथ में चलने का दबाव बनाया था। मामले में पुलिस ने दोनों बदमाशों के खिलाफ 8 धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। दोनों की सरगर्मी से तलाश की जा रही थी। इसी बीच खबर मिली कि बदमाश रवि डाबी एमआर-5 रोड पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास से अपने घर की ओर ढांचा भवन आ रहा है। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने एसआई सत्यनारायण प्रजापति, प्रधान आरक्षक कपिल राठौर, नवीन, आरक्षक आनंद मिश्रा, जगदीश गेहलोत को धरपकड़ के लिये रवाना किया। बदमाश ने पुलिस को देख भागने का प्रयास किया लेकिन घेराबंदी में गिरकर घायल हो गया। पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया, पैर में चोंट लगने पर उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि बदमाश से पूछताछ कर उसके साथी सावन लौहार का पता लगाया जा रहा है।

पांच थानों में दर्ज है 23 प्रकरण

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि बदमाश रवि पिता जगदीश डाबी के खिलाफ माधवनगर, चिमनगंज, नागझिरी, देवासगेट और नरवर थाने में एक साल के दौरान 23 अपराध दर्ज हो चुके है। उसका फरार साथी सावन भी अपराधिक प्रवृति का है। जिसकी गिरफ्तारी भी जल्द की जायेगी।

पांच पर लगाया आरोप, 2 खिलाफ लिखाई शिकायत

चलती कार में इंदौर की युवती के साथ हैवानियत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चलती कार में इंदौर की युवती के साथ हैवानियत होने का मामला सोमवार-मंगलवार रात नानाखेड़ा थाना पुलिस के पास पहुंचा। रात 3 बजे तक मामले की जांच चलती रही। मंगलवार तड़के 2 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किये गये।

इंदौर की रहने वाली युवती की कुछ माह पहले इंस्टाग्राम पर उज्जैन के चक्रेश जैन नामक युवक से दोस्ती हुई थी। सोमवार शाम युवती मिलने के लिये उज्जैन पहुंची। इंदौर रोड मेघदूत होटल के बाहर से युवक ने उसे अपनी कार में बैठाया। उसके बाद दोनों ने एक स्थान पर कॉफी पी। उसके बाद युवती के साथ चलती कार में हैवानियत का घटनाक्रम शुरू हुआ। उज्जैन से इंदौर पहुंची युवती रात 12 बजे के लगभग वापस मुंहबोले भाई के साथ उज्जैन लौटी और नानाखेड़ा थाना पुलिस को आपबीती सुनाई। युवती का कहना था कि चक्रेश जैन ने उसे काफी देर तक घूमाया उसके बाद कॉफी पीते समय उसका एक दोस्त आ गया। वहां से आगे जाने पर उनके 3 साथी भी कार में बैठ गये। इंदौर जाते समय उसके साथ पांचों ने गंदा काम शुरू कर दिया। उसके प्रायवेट पार्ट में पाइप डाला गया। चलती कार में



युवती के साथ हैवानियत होने की जानकारी मिलते ही सीएसपी श्वेता गुप्ता भी नानाखेड़ा थाने पहुंच गई थी। युवती ने लिखित शिकायत की, थाना प्रभारी ने महिला अधिकारी द्वारा की गई पूछताछ के बाद मामले में प्रकरण दर्ज किया। इस दौरान 2 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। जिसमें मुख्य आरोपी चक्रेश जैन और उसका एक अन्य साथी था। दोनों की मंगलवार दिनभर तलाश चलती रही लेकिन देर शाम तक दोनों पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके थे। पुलिस द्वारा इंदौर रोड़ पर लगे कैमरे भी देखे गये है। एक टीम इंदौर और उज्जैन में चक्रेश के ठिकानों का पता लगाकर दबिश दे रही है।

आपबीती का वायरल किया वीडियो

युवती ने अपने साथ हुई हैवानियत का मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल किया। जिसमें उसने पूरी घटना बताते हुये पांच लोगों पर आरोप लगाया। उसका कहना था कि चक्रेश से इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद वह मिलने आई थी। उसके साथ हुई घटना के बाद उसे इंदौर में छोड़ दिया गया। उसने अपने मुंहबोले भाई को बुलाया और घटना बताई। भाई उसे उज्जैन लेकर आया।

प्रायवेट पार्ट में नहीं मिली चोंट

सीएसापी श्वेता गुप्ता ने बताया कि युवती के आरोपों को देखते हुये रात में ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया, लेकिन उसके प्रायवेट पार्ट में कोई इंजरी नहीं पाई गई। युवती के बयान दर्ज किये गये है, युवती पूर्व में भी चक्रेश से मिलने उज्जैन आ चुकी थी। फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

परिवार से अलग रहती है युवती

बताया जा रहा है कि इंदौर में रहने वाली युवती परिवार से अलग रहती है और प्रायवेट जॉब करती है। पुलिस उसके परिवार का पता लगाने के प्रयास कर रही है। चक्रेश जैन जयसिंहपुरा क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के बाद उसके साथियों के संबंध में जानकारी सामने आ पायेगी।

बाड़े में रस्सी के फंदे पर लटका मिला हाली

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किसान के यहां काम करने वाले हाली ने मंगलवार को अनाज के बाड़े में रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। उसे लटका देख किसान परिवार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल की जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये बड़नगर अस्पताल पहुंचाया।

इंगोरिया थाना प्रभारी दीपेश व्यास ने बताया कि ग्राम पलवा में गिरधारीलाल हारोड के खेत पर रतलाम के रावटी स्थित ग्राम सेमलखेड़ी का रहने वाला धन्नालाल उर्फ मनीष पिता सुखराम भील 28 वर्ष 2 साल से हाली का काम कर रह था। सुबह उसका शव अनाज रखने के बाड़े में वेंटिलेशन पर रस्सी के फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। गिरधारीलाल ने बताया कि सोमवार शाम खेत पर उसे टिफिन देने पहुंचा था, उसके बाद रात में 10 बजे के लगभग लाइट आने पर उसे कॉल कर पानत करने के लिये कहा था। सुबह जब मवेशियों को दूध निकालने खेत पर आया तो धन्नालाल फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी सालभर पहले छोड़कर चली गई थी। पूर्व में उसका परिवार भी हारोड़ परिवार के यहां काम कर चुका था। 2 साल से धन्नालाल काम कर रहा था। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। परिजनों के बयान दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी।



देवास से गिरफ्त में आया हफ्तावसूली का आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शराब के पैसे नहीं देने पर तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी सालभर बाद देवास से पुलिस की हिरासत में आ गया। वह धमकी देने के बाद से फरार चल रहा था।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि सालभर पहले गलपुरा में नीमनवासा के रहने वाले विजय कुमार सोलंकी से क्षेत्र के बदमाश राहुल मालवीय ने शराब पीने के लिये हफ्ता मांगा था और तलवार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामले में बदमाश के खिलाफ हफ्तावसूली का प्रकरण दर्ज किया गया था। उसकी तलाश में कई ठिकानों पर दबिश दी गई थी लेकिन गिरफ्त में नहीं आ सका था। सोमवार रात सूचना मिली कि फरार आरोपी देवास के



शंकरगढ़-बरोठा रोड स्थित एक ढाबे पर कुछ दिनों से दिखाई दे रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम रवाना की गई। रात में बदमाश हिरासत में आया गया। जिसे उज्जैन लाया गया और पूछताछ कर उसके घर से तलवार बरामद की गई। फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में प्रधान आरक्षक अनिल पाल और आरक्षक पंकज पाटीदार का सहयोग रहा।

क्षिप्रा में डूबा दर्शन करने आया राजस्थान का युवक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दोस्तों के साथ महाकाल दर्शन करने आया युवक मंगलवार दोपहर क्षिप्रा नदी में डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाया तो तैराक दल के सदस्यों ने उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर बाद युवक का शव बाहर निकाला गया।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर में एक युवक के क्षिप्रा नदी में डूबने की सूचना मिलने पर टीम पहुंची थी। इस दौरान सामने आया कि डूबा युवक सचिन पिता मांगूसिंह 22 साल निवासी पाली राजस्थान है। उसके तीन दोस्तों आशीष, समीर और वैभव ने बताया कि वह इंदौर में जॉब करते है, सुबह महाकाल दर्शन करने के लिये इंदौर से उज्जैन आये थे। नहाने के लिये क्षिप्रा नदी पहुंचे थे। इस दौरान सचिन गहरे पानी में चला गया था, उसे तैराना



नहीं आता था। उसे बचाने के लिये शोर मचाया। पुलिस के अनुसार डूबे युवक की तलाश में मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों ने सर्चिंग शुरू कर कुछ देर में उसका शव बाहर निकाला। मामले की सूचना परिजनों को दी गई। शाम को उज्जैन पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। उसका शव अंतिम संस्कार के लिये पैतृक गांव पाली ले जाया गया है।

कोतवाली पुलिस की पूछताछ में खुला केमिकल वाली शराब विक्रय का पूरा राज

देवास कलेक्टर-एसपी का तबादला, जिला आबकारी अधिकारी सहित 3 निलंबित

आरोपियों से पूछताछ का दायरा बढा, 6-7 अक्टूबर से 11-12 अक्टूबर के बीच विक्रय की केमिकल वाली शराब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ देवास

चंदाना ग्राम पंचायत के तहत अक्टूबर माह के प्रथम पखवाड़े में शराब सेवन से ही कुछ मौतों के होने का राज फाश हो गया है। देवास कोतवाली थाना पुलिस ने इसे उजागर कर दिया है। इधर मंगलवार को देवास के कलेक्टर ऋतुराजसिंह एवं एसपी पुनीत गेहलोत को राज्य शासन ने हटा दिया है। इसके साथ ही देवास जिला आबकारी अधिकारी बसंती भुरिया सहित 3 को निलंबित किया गया है।

देवास पुलिस की और से जारी विज्ञप्ति के अनुसार थाना कोतवाली जिला देवास पर 26 अक्टूबर को दर्ज अप. क्र. 768/26 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार 10 आरोपियो से की गई प्रारम्भिक पूछताछ एवं तकनीकी विशलेषण से प्राप्त हुए तथ्यों में यह बात साफ तौर पर सामने आई है कि चंदाना में केमिकल वाली शराब का विक्रय हुआ था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी अजय राठौर पुवार्डा दाई इदौंर ने अन्य गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर केमिकल युक्त शराब का निर्माण एवं विक्रय किया।

उसने 01 अक्टूबर को महावीर मार्केट, लोहा मंडी इंदौर स्थित गोडाउन से केमिकल मंगवाया था जिसे दवा बाजार इंदौर स्थित गोडाउन संचालक के कार्यालय से बुक किया गया था।

अजय के मकान में तैयार हुई शराब- पुलिस ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि पुवार्डादाई गांव स्थित अजय राठौर के मकान तथा साथी गोविंद के लौहार पिपल्या स्थित मकान मे केमिकल मे पानी मिला कर लाईसेंसी शराब जैसी दिखने योग्य बोटलें तैयार की गई। क्षिप्रा एवं भाड़ा पिपल्या स्थित वाईन शाप से लाईसेंसी शराब की पेटिया अवैध तरिके से चंदाना बिंजाना क्षेत्र मे विक्रय करवाई, इस दौरान केमिकल से बनी शराब की बोटल कुछ कुछ मात्रा मे पेटियों मे मिलाई गई। प्राथमिक पुछताछ मे सामने आया कि 06-07 अक्टूबर से 11-12 अक्टूबर के मध्य इनका विक्रय करने के तथ्य सामने आये हैं। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण मे धारा 49क आबकारी अधिनियम का ईजाफा किया है। कोतवाली पुलिस की एक टीम मंगलवार देर शाम को इंदौर के लोहा मण्डी स्थित गोडाउन एवं दवा बाजार स्थित ऑफिस को सील करने के लिये रवाना हुई है। पुलिस से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अग्रिम विवेचना एवं पूछताछ जारी।

आदित्य मिश्रा होंगे एसपी- मंगलवार को ही राज्य शासन के गृह विभाग ने देवास एसपी पुनीत गेहलोत का तबादला सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल किया है। उनके स्थान पर बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा को भेजा गया है। इसके साथ ही सागर पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया को भी सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है। ग्वालियर 14 वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल सेनानी संजीव कुमार सिन्हा को सागर पुलिस अधीक्षक की कमान सौंपी गई है।

जिला आबकारी अधिकारी सहित 3 निलंबित

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने चंदाना मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश कुमार पवार सहित उप निरीक्षक राजश्री खन्ना को निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में स्पष्ट रूप से चंदाना के घटनाक्रम का उल्लेख किया गया है।

नेहा मीना कलेक्टर होंगी

मंगलवार को मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने एक आदेश जारी कर देवास कलेक्टर ऋतुराजसिंह को हटाते हुए उन्हें उपसचिव मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग में भेजा है। इनके साथ ही आदेश में सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल को प्रबंध संचालक राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल भेजा गया है। सिवनी कलेक्टर नेहा मीना को कलेक्टर देवास की जिम्मेदारी दी गई है। प्रबंध संचालक पर्यटन विकास निगम भोपाल दिलीप कुमार यादव को कलेक्टर सागर की जिम्मेदारी दी गई है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग उप सचिव अंजू अरूण कुमार को कलेक्टर सिवनी बनाया गया है। सुश्री मीना पूर्व में नीमच में अपर कलेक्टर रही हैं। एक बार फिर से वे उज्जैन संभाग में अपनी प्रशासनिक दक्षता के लिए देवास भेजी गई हैं।

निलंबन आदेश में घटना का जिक्र

आबकारी आयुक्त दीपक सक्सेना ने स्पष्ट उल्लेख किया कि 15 एवं 18 अक्टूबर को ग्राम चंदाना / बिंजाना जिला देवास में दो व्यक्तियों की मृत्यु की मर्ग जांच के दौरान में उक्त ग्राम में अवैध शराब का विक्रय होना पाया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब विक्रय में संलिप्त दस व्यक्तियों के खिलाफ थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 768/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम 1915 का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त परिस्थितियों से स्पष्ट है कि संबंधित अधिकारियों ने अपने क्षेत्राधिकार में अवैध शराब के निर्माण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण स्थापित करने तथा अधीनस्थ अमले की गतिविधियों पर सम्यक निगरानी रखने में घोर लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति शिथिलता बरती गई है। प्रकरण की गंभीरता तथा प्रथमदृष्टया प्रदर्शित कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं शिथिलता को दृष्टिगत रखते हुए तथा मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्र./सी-6-1-2011-3-एक दिनांक 03 फरवरी 2011 में दिये गये प्रावधान अंतर्गत मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में जिला आबकारी अधिकारी बसंती भूरिया, सहायक जिला आबकारी अधिकारी निलेश कुमार पवार एवं उप निरीक्षक राजश्री खन्ना का मुख्यालय कार्यालय उपायुक्त आबकारी, संभागीय उडनदस्ता, संभाग-उज्जैन निर्धारित किया गया है का निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com